CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $30^{\circ}C$
न्यूनतम : $23^{\circ}C$

लखनऊ, सोमवार 14 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 253 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातकः मायावती

पेज 2



लार्ड्स टेस्टः इंग्लैंड ने भारत को दिया 193 रनों का टारगेट

खेल टाइम्स



फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी

सम्पादकीय



इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

पेज़ 12

## निकम व श्रृंगला सहित चार सदस्य राज्यसभा के लिए मनोनीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों की चार विशिष्ट हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है, जिनमें जाने माने वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर और जानी-मानी इतिहासकार तथा शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए चार सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और उनकी कूटनीति तथा रणनीतिक मामलों में विशेष पहचान है। देश की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मामलों में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रख्यात सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में ठोस दलीलें देकर अपनी विशेष पहचान बनाई। उन्हें वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब के मामले में मजबूती के साथ सरकार का पक्ष रखने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में भी सरकारी वकील के रूप में राज्य सरकार का पक्ष रखा था। सदानंदन -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्री उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी. सदानन्द मास्टर और डा. मीनाक्षी जैन का राज्यसभा के लिए मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो

■ प्लेन में 23 सेकंड तक मचा हड़कंप, दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था विमान

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे।

फ्लाइट एसजी-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं। अर्जिमंद हुसैन नाम के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया।

### मानसून सत्र की रणनीति पर सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, श्रीमती गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलाई गई इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है। इसके अलावा, वह बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भी सरकार को घेर रही है। सूत्रों का कहना है कि इन सब मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पार्टी महंगाई, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर भी सरकार को घेरेगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण: इंदौर समेत 15 शहर सुपर लीग में

**नई दिल्ली।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे 15 शहरों को स्वच्छता सुपर लीग में रखा गया है। पहले इसमें दो साल टॉप-3 में रहे शहर शामिल होते थे, अब अवधि बढ़ाकर तीन साल कर दी गई है। इस लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं होती, लेकिन इन्हें 12,500 अंकों की स्कीम के तहत अंक मिलेंगे। इससे अन्य शहरों को टॉप रैंक पाने का ज्यादा मौका मिलेगा। सर्वे कमेटी में शामिल सूत्रों का कहना है कि स्वच्छता में इस बार अहमदाबाद पहले नंबर पर रह सकता है। वहीं, भोपाल दूसरा और लखनऊ तीसरा स्थान हासिल कर सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार देंगी।

### पत्थर खनन से जुड़े मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रिपोर्ट दे: एनजीटी

**नई दिल्ली/शिमला।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की मुख्य पीठ ने पत्थर खनन से जुड़े मामलों को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। न्यायाधिकरण ने ये निर्देश दिव्य हिमाचल में 13 मई, 2024 को प्रकाशित 'खनन माफिया ने बुनियादी ढांचे को खोखला कर दिया है' शीर्षक वाली एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया। इस मामले पर एक जुलाई 2025 को सुनवाई हुई, जिसमें एनजीटी ने बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में अंधाधुंध खनन गतिविधियों के बढ़ते आरोपों पर चिंता व्यक्त की। न्यायाधिकरण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई स्टोन क्रशर चल रहे हैं, जिसमें से कई अप्रमाणित खनन स्थलों से कच्चा माल प्राप्त कर रहे हैं।

# देशभर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

## चुनाव आयोग की तैयारियां पूरी, पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है।

अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है। ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी -शेष पृष्ठ दो पर



ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव की, अगस्त में हो सकती है शुरुआत, कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

# चेतावनी के बावजूद उड़ा ड्रीमलाइनर

अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला

## एक गंभीर चूक आई सामने, विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल होने का था अलर्ट, सरकार ने कहा: अभी नतीजे न निकालें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 12 जून 2025 को एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट (बोइंग एआई-171) हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शुक्रवार रात करीब ढाई बजे जारी की गई। इसमें एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसके केंद्र में है एक चेतावनी यानी विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल हो सकता है।

यह तकनीकी अलर्ट विमान की पिछली उड़ान (दिल्ली-अहमदाबाद) के ठीक बाद पायलट द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद महज एक घंटे में फिर से इस विमान को उड़ान के लिए क्लियर कर दिया गया। यह बताता है कि विमान का हॉरिजेंटल स्टेबलाइजर (पिच बैलेंस बनाने वाला पिछला पंख) किस स्थिति में है। यदि यह डेटा सही न मिले, तो ऑटोपायलट, पिच कंट्रोल और स्टाल प्रोटेक्शन जैसी अहम प्रणालियां गलत कमांड देने लगती हैं - शेष पृष्ठ दो पर



### पायलटों को जल्दबाजी में दोषी बताया

**नई दिल्ली।** एविएशन एक्सपर्ट सनत कौल ने एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट ठीक नहीं लग रही है। इसमें जरूरी हस्ताक्षर भी नहीं हैं, जबकि यह जरूरी होता है। कौल का कहना है कि इस जांच टीम में ऐसे पायलट को शामिल किया जाना चाहिए, जिसे बोइंग 787 या कम से कम 737 विमान की पूरी समझ हो।

### टेकऑफ से पहले विमान के कॉकपिट में आई तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी आ गई।

इससे विमान को रनवे से वापस लौटाया गया तथा जांच-पड़ताल के बाद विमान को अंततः कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट में 150 यात्री थे। सूत्र बताते हैं कि कॉकपिट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आने से ऐसा किया गया। अहमदाबाद में एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के हादसे के शिकार होने के बाद विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। खासतौर पर एयर इंडिया की सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

## यूपी में बारिश व बिजली गिरने से 14 की मौत

■ बिहार-झारखंड में तीन की जान गई, एमपी में नदियां उफान पर

**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं। झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे।

### ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाने को डिब्बों तथा ईंजनों में लगाए जाएंगे कैमरे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाए जाएंगे।

## मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जलकर राख

तिरुवल्लूर, वार्ता

■ तमिलनाडु का मामला: 52 बोगियों में डीजल भरा था, 40 अलग की गई

**तमिलनाडु** के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी।

बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम. प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

### महाराष्ट्र में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पीटा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने एक ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी। ऑटो ड्राइवर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह चिल्लाते हुए कह रहा है कि हिंदी और भोजपुरी में बोलूंगा, क्या करोगे। मैं मराठी नहीं बोलता। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ा और कान पकड़कर मराठी में माफी मंगवाई।

# मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही बेमानी

## हाईकोर्ट ने सम्भल के जौहर अली व 6 अन्य लोगों पर चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही की रद्द

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने कहा कि मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक है।

इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है। लिहाजा, अदालत ऐसे मुकदमों को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकती। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत ने सम्भल के जौहर अली और छह अन्य लोगों के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला सम्भल के नखास थाना क्षेत्र का है। 2019 में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से आरोपी बरी हो गए। इसके बावजूद सभी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए याचियों के खिलाफ लंबित गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को उस आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है, तो कार्यवाही भी जारी नहीं रखी जा सकती।



■ कहा: इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है

## अंतरिक्ष से शुभांशु बोले- भारत आज भी सारे जहां से अच्छा

■ फेयरवेल सेरेमनी में पहले भारतीय एस्ट्रोनॉट राकेश शर्मा की बात दोहराई, आज धरती पर वापसी

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में 17 दिन रहने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर वापस लौटेंगे। इससे पहले 13 जुलाई की शाम फेयरवेल सेरेमनी में उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में दिए आइकॉनिक डायलॉग को दोहराते हुए कहा कि भारत आज भी सारे जहां से अच्छा है।

शुभांशु ने कहा जब मैंने 25 जून को फॉल्कन 9 रॉकेट ये यात्रा शुरू की थी, तब नहीं सोचा था कि यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय रहेगी। मेरे पीछे खड़ी टीम के बिना यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय नहीं होती। यहां होना बहुत खुशी की बात है। बीते ढाई हफ्ते में हमने स्पेस स्टेशन पर साइंस एक्टिविटी की, आउटरीच एक्टिवटी की, इसके बाद जितना भी समय मिला हमने स्पेस स्टेशन की खिड़की से धरती को निहारा।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 लाख का सोना मुंह में भरकर कारीगर हुआ चंपत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में ज्वेलरी की दुकान में काम करने वाला कारीगर सोना लेकर भाग गया। कारीगर अपने मुंह में 150 ग्राम सोना भरकर भाग गया। कारीगर जो 150 ग्राम सोना लेकर भागा उसकी कीमत 15 लाख रुपए है। आरोपी द्वारा चोरी की ए पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ज्वेलर का नाम शुभांकर सामन्ता है। उनकी चौक सराफा स्थित गर्ग मार्केट में ज्वेलरी शॉप है। आरोपी कारीगर का नाम सुजीत सामन्ता है। वो पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर का रहने वाला है। ये घटना 9 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ज्वेलर आरोपी के घर गए, लेकिन वो नहीं मिला। उसका फोन भी बंद मिला। फिर पीड़ित ज्वेलर शुभांकर ने 12 जुलाई को कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### श्रीलंका की नौसेना ने सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करके मछली पकड़ने का आरोप लगाकर तमिलनाडु के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके ट्रॉलर भी जब्त कर लिए हैं। रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले ए मछुआरे शनिवार को मछली पकड़ने निकले थे, तभी उन्हें ट्रॉलर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई ले जाया गया और जेल में बंद कर दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना के जवानों द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं ने मछुआरा समुदाय में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है और वे चाहते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें ठोस कदम उठाएं।

# लकड़ी-ईंट के व्यापार में 1300 करोड़ का फर्जी लेन-देन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया, मुरादाबाद में जीएसटी चोरी का पर्दाफाश, 95 फर्मों पर एक्शन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में राज्य कर विभाग को 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने का शक हुआ, जिसके चलते 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। इससे पहले 53 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है।

ऐसे में चार महीनों में टोटल 95 फर्मों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह कार्रवाई मुरादाबाद में फर्जी फर्मों के खिलाफ चलाए जा रहे एक बड़े अभियान का हिस्सा है। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और राज्य कर विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान को और तेज कर दिया है। लकड़ी के व्यापार से जुड़ी इन फर्जी फर्मों ने कागजी कार्रवाई और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी किया था। विभाग अब ऐसी फर्मों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स और फील्ड जांच का सहारा ले रहा है। इस कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व की हानि को रोका जा रहा है। बल्कि ईमानदार व्यापारियों के लिए भी निष्पक्ष माहौल तैयार किया जा रहा है। राज्य कर विभाग की जांच में मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों-मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल और बिजनौर में लकड़ी के व्यापार से जुड़ी 128 फर्जी फर्मों का पता चला है। जांच में खुलासा हुआ कि इन फर्मों ने 1300 करोड़ रुपए का फर्जी लेन-देन दिखाया गया, जिसके जरिए करीब 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की संभावना जताई जा रही है। इस मामले की निगरानी प्रदेश के प्रमुख सचिव खुद कर रहे हैं। अपर आयुक्त (ग्रेड-2) आरए सेठ ने 50 अन्य फर्मों की भौतिक जांच चल रही है। जांच अधिकारी इन फर्मों के रजिस्टर्ड पते और कारोबारी एक्टिविटी की सत्यता की पड़ताल कर रहे हैं। जांच पूरी होने पर ही यह साफ होगा कि कितनी फर्म वैध हैं और कितनी फर्जी हैं। अब तक 95 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है। जीएसटी चोरी के करने के खिलाफ अभियान सिर्फ लकड़ी के व्यापार तक सीमित नहीं है। राज्य कर विभाग ने ईंट भट्ठा उद्योग पर भी कड़ा रुख अपनाया है। मुरादाबाद हाईवे पर जांच के दौरान ईंटों से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। अपर आयुक्त आरए सेठ ने बताया कि ए ईंटें सम्भल से मुरादाबाद लाई जा रही थीं। मोबाइल दस्ते ने अब तक 100 से ज्यादा ऐसी ट्रॉलियों को पकड़ा है, जो बिना दस्तावेजों के ईंटों का परिवहन कर रही थीं। विभाग की जांच में सामने आया है कि कारोबा. री जीएसटी चोरी और रिफंड हड़पने के लिए नई-नई चालें चल रहे हैं। कुछ कारोबारियों के पकड़े जाने पर उनकी तरकीबों का खुलासा हुआ, जिसके आधार पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

# कांवड़ यात्रा में 10000 महिला पुलिसकर्मी मुस्तैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ महिलाओं की सुरक्षा को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की पवित्र तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है और महिलाओं की सुरक्षा को अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया है।

अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार यात्रा मार्ग पर 8,541 हेड कांस्टेबल और 1,486 सब-इंस्पेक्टर सहित 10,000 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो कुल बल का लगभग 15 प्रतिशत है। हाल ही में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यात्रा में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अनुमानित 60-70 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने महिला-केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने का निर्देश दिया। इस मॉडल के तहत, संवेदनशील परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की सहायता और परामर्श के लिए सभी महिला हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त महिला तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है, जिसमें रात्रिकालीन शिफ्ट भी शामिल हैं। प्रमुख मार्गों पर क्यूआरटी गश्त बढ़ा दी गई है और महिला अधिकारी अब 11 क्षेत्रों में विशेष 24 घंटे नियंत्रण कक्षों और हेल्पलाइनों की निगरानी कर रही हैं। यात्रा के एक महत्वपूर्ण केंद्र, मेरठ क्षेत्र में सबसे अधिक तैनाती देखी गई है जहां मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे जिलों में 3,200 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातकः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा सुप्रीमो ने कहा: केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है, जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है। सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरा. जगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहिए।

## मनमानी करोगे, तो तुम्हें ठीक कर देंगे, जिसे जो बताना है बता देना

# भाजपा विधायक ने एसडीएम को धमकाया!

बांदा, वार्ता



■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, एसडीएम रजत वर्मा ने कहा: उनसे गलत बर्ताव किया जा रहा

उत्तर प्रदेश के बांदा सदर से भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमे वो एसडीएम बबेरू को लपेटते नजर आ रहे हैं।

विधायक ने फोन पर एसडीएम को धमकी देते हुए कहा कि मनमानी करोगे, तो आकर तुम्हें ठीक कर देंगे। जिसे जो बताना है बता देना। वहीं एसडीएम रजत वर्मा का कहना है कि उनके साथ गलत बर्ताव किया जा रहा है। पूरा मामला बांदा जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सहकारी समिति से सामने आया है। जहां दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे के घर पर बुलडोजर चला दिया गया। दावा किया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के दबाव में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। अब इस मामले में विधायक के सामने आने से विवाद गहरा गया है। विधायक प्रकाश द्विवेदी और एसडीएम रजत वर्मा आमने-सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक बांदा में विकलांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे का घरएसडीएम रजत वर्मा ने 4 जेसीबी से गिरवा दिया। दावा किया जा रहा हा कि कार्यकर्ता के घर पर बिना नोटिस यह एक्शन लिया गया। इस मामले में पीड़ित राजेंद्र पांडे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के पास पहुंचा। उन्होंने विधायक को बताया कि एसडीएम ने चार-चार जेसीबी लगाकर उनके घर को अचानक गिरा दिया। मकान गिराए जाने से पहले उन्हें कोई नोटिस दिया गया। उनका कहना है कि बिना किसी कानूनी सूचना के उनके घर पर बुलडोजर चला दिया गया। पीड़ित राजेंद्र पांडे का कहना है कि भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल की शह पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इनकी नजर हमारी जमीन पर है। जिसके बाद विधायक प्रकाश द्विवेदी गुस्से में आ गए। उन्होंने बबेरू एसडीएम रजत वर्मा को फोन किया और पीड़ित का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि वो गलत आरोप नहीं लगा रहे हैं सच बात कह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम एक बार अनुरोध करेंगे। अगर इसके बाद भी आप मनमानी करेंगे, तो हम आकर के ठीक कर देंगे। विधायक ने एसडीएम से ए भी कहा कि आप सरकार की मंशा से अनुरूप काम करिए। मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जिसकी शह पर आपने ये कार्रवाई की है वो सभी नपेंगे।

### फिर चर्चा में आई एसडीएम ज्योति मौर्या, अब पति पहुंचा हाईकोर्ट

**बरेली।** दो साल पहले बरेली जिले में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच हुई विवाद ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं ए मामला एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या जोकि, चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है और अपनी बीबी से गुजारा भत्ता दिलाने की मांग की है। पति आलोक मौर्या की याचिका पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने ज्योति मौर्या को नोटिस जारी किया है। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई अगले महीने की 8 तारीख को होनी है। दरअसल आलोक मौर्या ने अपनी पत्नी ज्योति मौर्या पर होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुता. बिक आलोक और ज्योति 2010 में शादी के बंधन में बधे थे। इसके बाद ज्योति ने पढ़ाई-लिखाई और पीसीएस की तैयारी की थी।



सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# ट्रम्प के व्यापार शुल्क संबंधी फैसलों से रुपया और अन्य मुद्राएं दबाव में आईं

**नई दिल्ली।** देश के वृहद आर्थिक संक. ेतों की मजबूती और मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद वैश्विक बजार की अनिश्चितताओं के बीच बीते समाप्त अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए पर लगातार दबाव बना रहा और यह आलोच्य सप्ताह के दौरान कुल मिला कर 46.30 रुपए कमजोर रहा।

बाजार में इस समय अमेरिका में आयात शुल्क के निर्णयों से अनिश्चिता बढ़ गई है और कारोबारियों को भारत.अमेरिका व्यापार समझौते पर घोषणा की प्रतीक्षा है। जुलाई में स्थानीय शेयर बाजारों की कुल मिला कर बिकवाली बने रहने का भी रुपए पर असर पड़ा है। अमेरिका में आयात शुल्क दरों पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सप्ताह के दौरान की गई घोषणाओं से बाजार सहमे हुए हैं। इस बीच विश्व की प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा है। सप्ताह के दौरान जापानी एन,



कनाडाई डालर और यूरो अमेरिकी डॉलर के समक्ष नीचे आ गए थे। ब्रिटेन का पौंड वहां की अर्थव्यवस्था में मई में संकुचन की रिपोर्ट के बाद दो सप्ताह के अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। ट्रम्प सरकार की नीतियों से बिटकायन जैसी डिजिटल मुद्राओं का बाजार गरम है। बाजार को लगता है कि ऐसी मुद्राओं के कारोबार को आने वाले समय में मजबूत वैधानिक मान्यता मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप सरकार के निकट के लोगों की एक कंपनी ने हाल में पाकिस्तान में डिजिटल करेंसी और ब्लाक चेन प्रौद्योगिकी का एक करार किया है1 अमेरिका का व्यापार घाटा कम करने तथा घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के अपनी लक्ष्यों के तहत ट्रम्प ने बांग्लादेश, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर समेत करीब 15 देशों पर ऊंची दर से प्रशुल्कों की घोषणा की, जो पहली अगस्त से लागू किए जाएंगे। उन्होंने कनाडा के खिलाफ 35 प्रतिशत और ब्राजील के खिलाफ राजनीतिक कारणों से 50 प्रतिशत का शुल्क घोषित कर दिया है। सप्ताह मैक्सिको और यूरोपीय संघ पर 30 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने के ट्रम्प के ताजा फैसले से इस सप्ताह भी फारेक्स बाजार प्रभावित हो सकते हैं। यूरोपीय संघ और मैक्सिको ने अमेरिका के फैसले को अनुचित बताया है और इस पर बातचीत करने की अपनी मंशा दोहराते हुए जवाबी कार्रवाई का भी संकेत दिया है।

### शेयर बाजार के लिए 15 जुलाई की तारीख अहम

**मुंबई।** शेयर बाजार के लिए कल से शुरू होने वाले हफ्ते में 15 जुलाई की तारीख अहम होने वाली है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हरशुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को हाई-अलर्ट पर रहना चाहिए। वहीं उन्होंने अपनी वीकली मार्केट रिपोर्ट में कुछ खास समय और स्तर बताए हैं। इसके अलावा रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़े, पहली तिमाही के कंपनियों के नतीजे से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। निफ्टी के अहम स्तर सपोर्ट जोन-सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

# निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे का इंतजार

नई दिल्ली, वार्ता

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के कारण बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट तेज हो गई। निवेशकों को अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संतु. लित परिणाम की प्रतीक्षा है। वे फिलहाल किनारे रह कर कुछ चुनिंदा लिवाली करना बेहतर मान रहे हैं।

सप्ताह के दौरान तिमाही परिणामों का सीजन आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से शुरू हुआ, जिसमें बाजार को वैश्विक मांग में नरमी का संकेत दिखा है। सप्ताहांत यूरोपीय संघ और मैक्सिको के खिलाफ अमेरिका में 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा का इस सप्ताह बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारत में मुद्रास्फीति नीचे आने और ब्याज दर में नरमी से निवेशकों का बाजार में विश्वास बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की व्यापार नीति से व्याप्त अनिश्चिताओं और भू-राजनीतिक तनाओं के बीच मांग में कमी के कारण फिलहाल निवेश किनारे पर ही रहना बेहतर मान रहे हैं। पिछले कुछ महीनों तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से अच्छे प्रवाह के बाद जुलाई में अब तक उनका निवेश कुल मिलाकर कम हुआ है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्ज के अनुसार स्थिर मैक्रो संकेतक और घटती मुद्रास्फीति तेजी की धारणा को बढ़ावा दे रही है, हालांकि वैश्विक संकेत (जैसे, अमेरिकी चुनाव, ब्याज दरों पर निर्णय) अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। फर्म के अनुसार निवेशक चुनिंदा खरीदारी की ओर झुके हैं और उचित मूल्य निर्धारण और स्पष्ट वृद्धि की संभावना वाले आईपीओ को पसंद कर रहे हैं। फिर भी बाजार में फार्मा, औद्योगिक और विशिष्ट उपभोक्ता वस्तु वर्ग के शेयर बेहतर चल रहे हैं, जबकि रियल एस्टेट और फिनटेक क्षेत्र में मंदी बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**निकम व...**

मास्टर को केरल में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशेष कार्यों के लिए जाना जाता है। उन्हें वंचित वर्गों के लोगों के साथ-साथ अनुसू. चत जातियों और जनजातियों के बीच शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले उनके कार्यों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। जानी मानी इतिहासकार डा. जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में निर्वाचित सदस्यों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले 12 व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

**देशभर में...**

कर दिया है। दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था। बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। ईसी अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। ईसी अफसरों के मुताबिक एक अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितम्बर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फार्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

**चेतावनी के...**

विशेषकर टेकऑफ और शुरुआती चढ़ाई जैसे क्रिटिकल चरणों में। पायलट ने सुबह 11:17 बजे यह अलर्ट दिया था और 12:40 बजे विमान को उड़ान की मंजूरी दे दी गई। दोपहर 1:38 बजे यही विमान लंदन के लिए टेकऑफ करता है और महज 30 सेकंड बाद दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। रिपोर्ट को लेकर सरकार ने कहा है कि इस पर स्टडी की जा रही है। अभी कोई निष्कर्ष न निकालें।

# जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नजरबंद किया गया

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया। ये लोग वर्ष1931 में तत्काकलीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं।

श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अलोकतांत्रिक' बताया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलो. कतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है, जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं, जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है।वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1931 में जान कुर्बान करने वालों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है।

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार को यहां बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 286 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि आज सुबह 7049 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। इनमें से 4148 तीर्थयात्री पहलगाम और 2891 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मायावती ने सात राज्यों की समीक्षा बैठक में रखी चिंता

## दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचारों को बताया खतरनाक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं पूर्व सांसद व पूर्व विधायक बहन मायावती ने आज लखनऊ स्थित पार्टी के केंद्रीय कैम्प कार्यालय में देश के सात प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अहम समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने पार्टी संगठन के विस्तार, जनता के बीच पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ाने और दलित-पिछड़े- अल्पसंख्यक वर्गों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को केंद्र में रखकर गहन विचार-विमर्श किया। मायावती ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई केवल चुनावों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जब तक दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक व वंचित समाज को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक अधिकार नहीं मिल जाते, तब तक निरंतर जनचेतना और संघर्ष जरूरी है। उन्होंने देश भर में बढ़ती भाषायी व सांप्रदायिक हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह वातावरण सुनियोजित तरीके से तैयार किया जा रहा है, ताकि धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर देश की एकता को कमजोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों, सिद्धांतों और मानवतावादी दृष्टिकोण को केंद्र में लाने की सख्त जरूरत है। इससे पहले, दो मार्च को लखनऊ में हुई विशेष बैठक में पार्टी संगठन के भविष्य के निर्देशों को लेकर जो रूपरेखा बनाई गई थी, उस पर भी इन सात राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इन राज्यों में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और जनता से जुड़ाव की स्थिति पर रिपोर्ट दी गई। बैठक में पार्टी के पूर्व सांसद रामराज,



■ **संविधान-संवेदना को झकझोर देने वाला बताया वर्तमान माहौल**

पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह राणा समेत सभी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। मायावती ने कहा कि बसपा एक विशिष्ट आंदोलन है, जो मान्यवर कांशीराम जी व बाबा साहब अंबेडकर की वैचारिक नींव पर टिका है। इस आंदोलन में अनुशासन, त्याग और नैतिकता सर्वोच्च है। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि समाज को संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ जुटें। उन्होंने कहा कि विशेषत: महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भाषा को लेकर हो रहे विवाद और उससे जुड़ी हिंसक घटनाएँ अत्यंत चिंताजनक हैं। यदि इनका समाधान नहीं किया गया तो यह न केवल सामाजिक सौहार्द को तोड़ेगा, बल्कि संविधान की आत्मा को भी चोट पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि हमें सबका हित और सबका सुख सुनिश्चित करने वाली राजनीति की ओर लौटना होगा, और हर भारतीय को भारतीयता के आधार पर न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध होना होगा। मायावती ने इस बात पर अफसोस जताया कि कई राज्य सरकारें और केंद्र सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों और अल्पसंख्यकों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज जनता का लोकतंत्र से विश्वास डगमगा रहा है और वह सरकारी भ्रष्टाचार, महंगाई और अनियमितताओं के बीच खुद को असहाय महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, तेलंगाना, केरल और दक्षिणी राज्यों में अलग-अलग पार्टी सरकारें हैं, लेकिन वहां भी सर्वजन हिताय ---सर्वजन सुखाय की नीति का कोई बेहतर माडल नहीं दिखता, जबकि बीएसपी की सरकार में यही भावना जीवंत रहती है, जिसका अनुभव जनता ने उत्तर प्रदेश में चार बार देखा है। बैठक के अंत में मायावती ने सभी वरिष्ठ नेताओं से आग्रह किया कि वे समय निकाल. कर लखनऊ आकर पार्टी के विचारकों, स्मारकों और प्रेरणा स्थलों को देखें, जिनमें बाबा साहब अंबेडकर, संत रविदास, श्री नारायण गुरु, राजा नरेश, छत्रपति साहू जी महाराज, परम पूज्य डा. भीमराव अंबेडकर व कांशीराम जी की स्मृतियों को सजोया गया है। उन्होंने कहा कि यही वे आधार स्तंभ हैं जिन पर बहुजन समाज का आत्मबल टिका है।

## ठाकुरगंज हादसा: जेई निलंबित, निर्माण एजेंसी पर FIR

**लखनऊ।** ठाकुरगंज क्षेत्र में युवक की दर्दनाक मृत्यु के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसी पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घटना पर गहरा शोक जताते हुए जूनियर इंजीनियर को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा पीड़ित परिवार को नौ लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में लापरवाही के लिए संबंधित कंपनी पर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसे प्रशास. निक चूक मानते हुए नगर विकास विभाग को जवाबदेही तय करने और जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, छह महीने पहले हुई थी शादी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीपरपुर अमेठी ।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चुल्लू गांव निवासी अमित कुमार कश्यप (22) की रविवार दोपहर करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मुसाफिरखाना ब्लॉक के मुबारकपुर स्थित बरना गांव में हुआ, जहां वह दिहाड़ी मजदूरी के लिए गया था। कार्य के दौरान अमित 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

अमित अपने पिता सोहन कश्यप की दो संतानों में सबसे छोटा था और परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। छह महीने पहले ही उसका विवाह गायत्री से हुआ था, लेकिन एक नया जीवन शुरू करने के सपने के साथ शुरू हुई यह कहानी अचानक मौत की खबर में बदल गई।हादसे की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अमित के

■ **हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, गांव में छाया मातम**

बड़े भाई कुमार कश्यप भाई की असमय मौत से सदमे में हैं। पिता सोहन कश्यप बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराने सुल्तानपुर कोतवाली पहुंचे हैं।परिवार ने अब तक मृतक की पत्नी और मां को मौत की सूचना नहीं दी है, डर है कि वे यह सदमा नहीं सह पाएंगी। यह हादसा बिजली विभाग की लाप. रवाही और मजदूरों की सुरक्षा में अनदेखी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्य स्थल पर कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था और न ही लाइन को बंद कराया गया था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कार सवारों ने सड़क से बकरा चुराया, घटना सीसीटीवी में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थानाक्षेत्र में बकरा चोरी की एक अनोखी घटना ने सबको हैरान कर दिया है। यहां चोर अब पैदल या साइकिल से नहीं, बल्कि चमचमाती सफेद कार से चोरी करने पहुंच रहे हैं।

कटरा बाजार के नई बाजार वीरपुर वार्ड नंबर 12 में 8 जुलाई 2025 को सुबह 4:42 बजे हुई इस घटना का वीडियो मस्जिद के सीसीटीवी में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक सफेद कार बिना नंबर प्लेट के आकर रुकती है। कार से एक व्यक्ति उतरता है, जो दबे पांव बकरे के पास जाता है। वह बकरे को गोद में उठाकर तेजी से कार तक लाता है और फिर कार फर्राटा भरते हुए वहां से चली जाती है। यह पूरी घटना कुछ ही मिनटों में अंजाम दी गई। पीड़ित मोहम्मद जैद पुत्र जाकिर अली ने बताया कि उसका परिवार उस समय घर में सो रहा था और उनकी भाभी नहर पर गई थी। तभी अज्ञात चोर सफेद कार बिना नंबर प्लेट से आये और बरामदे में बंधा उनका बकरा चोरी करके उठा ले गये। मोहम्मद जैद ने कटरा बाजार थाने में तहरीर देकर पुलिस से मामले की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। हालांकि, घटना के पांच दिन बीतने के बावजूद पुलिस अब तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है और न ही बकरा बरामद हो सका है। इस नाकामी से कटरा बाजार थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों में भी पुलिस की सुस्ती को लेकर नाराजगी है।यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग हैरान हैं कि चोर अब हाईटेक तरीके से चोरी कर रहे हैं। पुलिस से अपेक्षा है कि वह सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द चोरों तक पहुंचे और बकरे की बरामदगी करे।

## पुलिस बूथ के बगल दिनदहाड़े हजारों की चोरी

**जगदीशपुर अमेठी।** पुलिस की उदासीनता के चलते चोरो के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस बूथ के बगल ही दिन दहाडे अज्ञात चोर दुकान के अदर घुसकर हजारों की चोरी करने मे सफल रहे। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाजार शुकुल मोड पर स्थित पुलिस बूथ के बगल मिष्ठान विक्रेता की दुकान से उस वक्त अज्ञात चोर चोरी करने मे सफल रहे जब दुकान मालिक मोहम्मद रईस निवासी कस्बा निहालगढ दुकान का शटर खोलकर शर्ट दुकान मे टांगकर सो गया इसी बीच मौका पाकर शर्ट मे रखा 21720 रूपये अज्ञात चोर जेब से निकाल कर फरार हो गया पीडित ने बताया कि दुकान का भाडा देने के लिए घर से पैसा लेकर आया था नींद से जागा तो रूपये जेब से नदारद मिले बाहर निकल कर देखा तो कोई दिखाई नहीं दिया जब सीसीटीवी कैमरै मे देखा गया तो चोरी करने वाले युवक का फोटो मिला घटना की तहरीर थाने मे देकर कार्यवाई की मांग किया।

# राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को किया रवाना

## सुल्तानगंज से 120 किमी पैदल चलकर चढ़ाएंगे बाबा को जल

शाह टाइम्स संवाददाता

**तिलोई ( अमेठी )।** श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही अमेठी जनपद में भोलेनाथ के भक्तों का जोश चरम पर है। रविवार को तिलोई तहसील क्षेत्र के विकासखंड बहाद. ुरपुर से 151 कांवड़ियों का पहला जत्था बाबा वैद्यनाथ धाम, देवघर (झारखंड) के लिए रवाना हुआ।



यह जत्था जायस रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा वाराणसी होते हुए सुल्तानगंज के लिए निकला, जहां से कांवड़िए गंगाजल लेकर लगभग 120 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा को जल अर्पित करेंगे।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांवड़ियों को हरी झंडी दिखाकर उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में प्ले ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, बहाद. ुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। यात्रा से पहले श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में दर्शन और पूजन किया। इसके बाद भक्तगण डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते और श्बोल बमश के जयकारों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे।प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती, आवश्यक चिकित्सा सुविधा, और जलपान व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आयोजन समिति की ओर से कांवड़ियों को यात्रा किट और मार्गदर्शक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।हर साल की तरह इस बार भी सावन के पवित्र माह में बाबा वैद्यनाथ को जल चढ़ाने की यह पारंपरिक यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो चुकी है। आयोजकों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में अमेठी से कई और जत्थे देवघर की ओर प्रस्थान करेंगे।

## फार्मेसी डिप्लोमा की काउंसलिंग उच्च न्यायालय के आदेश पर स्थगित

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की काउन्सिलिंग प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ द्वारा नौ जुलाई दो हजार पच्चीस को पारित आदेश के अनुपालन में लिया गया है। परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष डिप्लोमा इन फार्मेसी की काउन्सिलिंग प्रक्रिया साताईस जून से प्रारंभ की गई थी, किंतु न्यायालयीय निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए फिलहाल उसे निरस्त किया गया है। काउन्सिलिंग से जुड़ी अगली तिथि और दिशा-निर्देशों की सूचना यथासमय परिषद की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके अतिरिक्त यह सूचनाएं समाचार-पत्रों के माध्यम से भी आमजन को उपलब्ध कराई जाएंगी।

## आईजी के आदेश पर पड़ रहे भारी खाकी वर्दीधारी

**गौरीगंज अमेठी।** एक तरफ योगी सरकार कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए आए दिन आला अफसरों को कडे फरमान जारी करती रहती है जिसको संज्ञान मे लेने के बाद आईजी प्रवीण कुमार अयोध्या परिक्षेत्र ने गत माह तीन वर्षो से अधिक एक ही जनपद मे तैनात खाकी वर्दीधारियो के तबादले गैर जनपद किए थे परंतु इस आदेश के महीनों बीत जाने के बाद भी कोई थाना छोडने को तैयार नहीं हैं। अमेठी जनपद के अंतर्गत जगदीशपुर कमरौली बाजार शुकुल भाले सुल्तान शहीद स्मारक समेत विभिन्न थानो पर तैनात खाकी वर्दीधारी एक ही जिले मे तीन वर्षो से तैनात रहने के बाद आईजी प्रवीण कुमार अयोध्या परिक्षेत्र ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने हेतु मामला संज्ञान मे लेकर दर्जनों खाकी वर्दीधारियो का तबादला गैर जनपद कर दिया था बावजूद इसके समाचार लिखे जाने तक पूर्व की तरह उसी थाने पर पुलिसकर्मी तैनात हैं जिसको लेकर लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर आईजी के आदेश का पालन होने मे इतना विलंब क्यो हो रहा है कहीं आदेश निरस्त तो नहीं हो गया। इस संबंध मे आईजी अयोध्या ने बताया कि मेरे द्वारा किया गया आदेश कतई निरस्त नहीं हुआ है।

# इटियाथोक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली ध्वस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** एक तरफ योगी सरकार द्वारा जनता के सुविधानुसार तहसीलों में कार्यालय बनवाने के साथ-साथ ब्लाकों में पूर्ति निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है वहीं दूसरी तरफ तहसील करनैलगंज स्थित पूर्ति कार्यालय मनमानी समय पर खोले व बन्द किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

तहसील सदर स्थित पूर्ति कार्यालय में झंझरी व पंडरी कृपाल के पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहते हैं परन्तु डीएसओ से अच्छा तालमेल रखने वाले इटियाथोक के पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर कुछ ही समय तहसील कार्यालय में दे पाते हैं शेष समय जिला पूर्ति कार्यालय में बिताते हैं। ब्लाक इटियाथोक अंतर्गत अधि. कतर उचित दर दुकानों पर साइन बोर्ड नही दिखता यदि लगा भी रहता है तो उस पर स्टाक लिखे ना दिखाई पड़ने का भी आरोप लग रहा है। यदि वितरण अवधि में किसी दूसरे विभाग के अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष रूप से औचक निरीक्षण किया जाय तो 90 प्रतिशत दुकानों पर घटतौली सामने आ सकती है। इतना ही नही यदि अनजान बनकर और भी गहराई से पता किया जाय तो कोटेदार बता देंगे कि घटतौली के सापेक्ष प्रतिमाह सुविधा शुल्क कितना व किसे देना पड़ता है। तहसील करनैलगंज अंतर्गत क्षेत्रवासियों में चर्चा जोरों से चल रही है कि यहां के पूर्ति कार्यालय में कई निरीक्षक नियुक्त होने के बावजूद भी यह कार्यालय प्रतिदिन नही खुलता यदि कोई अधिकारी आता है या शनिवार के दिन खुलता है जिससे क्षेत्र के कार्डधारक परेशान हैं। दिनाँक 11. 7.2025 शुक्रवार को दोपहर करीब 01 बजे तहसील करनैलगंज स्थित पूर्ति कार्यालय की सच्चाई जानने पहुंचे मीडिया कर्मियों को दरवाजे पर ताला बंद मिलने से विभागीय कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। बता दें कि जिला पूर्ति अधिकारी का वर्जन लगाने का कोई मतलब नही क्योंकि उनके द्वारा पत्रकार का नम्बर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। उप जिलाधिकारी करनैलगंज यशवंत राव ने बताया कि सुबह 10 बजे से 04 बजे शाम तक कार्यालय खुलना अनिवार्य है,जांचोपरांत कार्यवाही की जाएगी।

# बरसात से बेहाल उप्र, स्मार्ट सिटी में जलभराव और गंदगी : अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही अब जनजीवन के लिए जानलेवा बन गई है। बरसात के शुरुआती दौर में ही उत्तर प्रदेश के नगरों और शहरों की हालत बिगड़ गई है। नालों का उफान, जाम नालियां, जलभराव और टूटी सड़कों ने जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं।

अखिलेश ने कहा कि लखनऊ, काशी, गोरखपुर, कानपुर और झाँसी जैसे बड़े शहरों में भी जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है और बजट का बंदरबांट हो रहा है। वर्षों से भाजपा शासित नगर निगम आम लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने में असफल रहे हैं। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के नाम पर शहरों में जगह-जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे आमजन का चलना-फिरना तक दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार



सिर्फ कागज़ों पर विकास दिखा रही है। ज़मीन पर ना तो गड्ढा मुक्त सड़कें हैं, ना ही साफ़-सुथरे मोहल्ले। जलजमाव, कीचड़ और गंदगी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। हादसे बढ़ रहे हैं और लोगों की जानें तक जा रही हैं, लेकिन सरकार की नींद नहीं टूट रही। सपा प्रमुख ने कहा कि बारिश को हल्के में लेना सरकार की बड़ी भूल है। यदि प्रशासन सजग हो तो कई दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। भाजपा ने नौ वर्षों में समाज को नफरत देने के अलावा कुछ नहीं किया। अब जनता इनकी हकीकत समझ चुकी है और 2027 में भाजपा को हमेशा के लिए विदा कर देगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान झुलसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के हंसनापुर गांव निवासी विशुन पाल खेत में झोपड़ी बनाकर रहता है। रविवार को वह भैंस का गोबर उठा रहे थे। इसी बारिश होने लगी। अचानक तेज गर्जना करती हुई आकाशी बिजली विशुन पाल पर गिर गई। इस वजह से वह बुरी तरह से झुलस गया। परिजन तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर सर्वेश कुमार व फार्मासिस्ट अवनीश कुमार सिंह ने प्राथमिक इलाज कर उन्हें भर्ती कर लिया। डाक्टरों के मुताबिक बुजुर्ग की हालत फिलहाल स्थिर है। इधर बारिश की वजह से जिले में कई स्थानों पर जल भराव की समस्या आ रही है। हालांकि जिले के किसान इस बारिश को अमृत बता रहे हैं। किसानों ने धान की फसल की रोपाई शुरू कर दी है।

# विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष का दहेजहत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर ।** महमूदाबाद कोतवाली के बनेहरा बीरबल के रमेश चंद्र ने अपनी बेटी सीमा यादव 23 वर्ष का विवाह सात मार्च को पुरवारेवान के शोभित सिंह पुत्र अंबर यादव से किया था। आरोप है कि विवाह में पांच लाख की नकदी समेत 10 लाख का दहेज दिया था।

विवाह के दौरान ही कार की मांग को लेकर ससुरालीजन ने हंगामा किया था किंतु नाते-रिश्तेदारों की मध्यस्थता के बाद बारात विदा हो गई थी। मृतका के भाई हरिश्चंद्र ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही कार न मिलने का ताना मारते हुए सीमा के साथ मारपीट करते थे। बीती सात जुलाई को ही मायके से सीमा को विदा कराकर ससुरालीजन लेकर गए हैं। शनिवार की शाम सीमा ने पिता रमेश चंद्र को फोन कर रोते हुए बताया था कि ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करते हैं और रात में जान से मार डालने की योजना बना रहे हैं। पिता रमेश चंद्र शनिवार की शाम गए थे और समझा-बुझाकर वापस आ गए थे। रविवार की सुबह सूचना मिली कि उसकी बहन गंभीर रूप से चोटिल है, सीएचसी आ जाओ। हरिश्चंद्र के मुताबिक सीएचसी पहुं. चने पर उसे बहन मृत अवस्था में मिली। चिकित्सक ने बताया कि ससुरालीजन मृत अवस्था में ही सीमा को लेकर यहां आए थे, सर और चेहरे पर चोट के निशान हैं। सीमा के शव को सीएचसी में छोड़कर ससुराली. जन फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** सकरन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सकरन थाना क्षेत्र में चौका नदी के किनारे ग्राम करहिका के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचगांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र मेवालाल को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने वीरेंद्र कुमार के खिलाफ सकरन थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बैठक में मंत्री धर्मपाल सिंह ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** रविवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं में संचारी रोगों की रोकथाम, उपचार एवं टीकारण की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। उन्होंने ने निर्देश दिए वर्षा ऋतु के दृष्टिगत गोआश्रय स्थलों में समुि. चत प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। पशुओं को पर्याप्त हरा चारा और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाय। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाय तथा बीमार पशुओं को त्वरित रूप से उपचार उपलब्ध कराया जाय। पशुओं में संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। पशुओं की इयर टैगिंग का कार्य ससमय कराए जाने के भी निर्देश दिए।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कड़े निर्देश दिए कि शुद्ध दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। नकली दूध की आपूर्ति न हो, इसके लिए सम्बंधित विभागों से समन्वय कर व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाय। निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। माननीय मंत्री जी ने रेडियम बेल्ट अभियान को सफलतापूर्वक संचालित कराए जाने के भी निर्देश दिए। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग लेते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाय। दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार कार्यो की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने गोआश्रय स्थलों पर भी नस्ल सुधार एवं सेक्स सार्टेड सीमेन के प्रयोग के विषय में आवश्यक निर्देश दिए साथ ही ब्रीड डेवलपमेंट के विषय में भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के सहयोग से चारागाह भूमियों से अवैध कब्जे को तत्काल हटवाया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करना सरकार की प्राथमिकता है और पशुपालन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इसके लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए पात्रों को लाभान्वित भी किया जाये। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, पशुधन विभाग सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरेली के प्राचीन मंदिरों और पर्यटन स्थलों के विकास पर नौ करोड़ रुपये खर्च होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बरेली जनपद के प्राचीन मंदिरों और धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कुल नौ करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रमुख परियोजनाओं में आनंद आश्रम मंदिर के लिए एक करोड़, बड़ा बाग हनुमान मंदिर के लिए तीन करोड़, श्री सीताराम मंदिर के लिए तीन करोड़ तथा त्रिवटी नाथ मंदिर की फसाड लाइटिंग के लिए दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# राजकीय हाईस्कूल सिंहपुर को इंटर कॉलेज बनाए जाने की मांग तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**तिलोई ,अमेठी।** विकास खंड सिंहपुर मुख्यालय पर स्थित राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर, वर्ष 2010-11 से संचालित हो रहा है। लेकिन 14 वर्षो के लंबे अंतराल के बावजूद यह विद्यालय अभी तक इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत नहीं हो सका है।

विभागीय लापरवाही के चलते हर साल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को 10वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।गौरतलब है कि सिंहपुर क्षेत्र से करीब छह किलोमीटर के दायरे में कोई भी राजकीय इंटर कालेज उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीण अंचल के किसान, मजदूर

■ **हाईस्कूल पास छात्र-छात्राओं को 11वीं में प्रवेश के लिए भटकना पड़ रहा है**

एवं गरीब तबके के विद्यार्थियों को या तो पढ़ाई छोड़नी पड़ती है या फिर महंगे निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है, जो उनकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल नहीं होता।स्थानीय नागरिक विनय दीक्षित, अशोक निर्मल, राजेश विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान श्रीचंद चौरसिया, तथा प्रधान प्रतिनिधि हरिकेश गौतम ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर को तत्काल प्रभाव से इंटरमीडिएट विद्यालय में उच्चीकृत किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही 11वीं और 12वीं की शिक्षा सुलभ हो सके।हर वर्ष 10वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को आगे की पढ़ाई को लेकर चिंता सताने लगती है। पढ़ाई बीच में छूटने से बेटियों की शिक्षा विशेष रूप से प्रभावित होती है, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. राजेश कुमार द्विवेदी ने जानकारी दी है कि जैसे ही शासन से उच्चीकरण संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे, विद्यालय को इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत करने की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी।

# तिगरी गंगा में जलस्तर फिर से दो सौ मीटर गेज के पार



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते उत्तराखंड से

**समस्या**

● जलस्तर बढ़ने से फसलों में कई कई फिट पानी भरा

बहकर आ रही गंगा नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है। पानी की अधिकता होने के कारण लगातार हरिद्वार व बिजनौर स्थित बैराज से पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है, जिससे की गंगा धाम तिगरी और ब्रजघाट में भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। रविवार को तिगरी में 30 सेमी जलस्तर की बड़ी बढ़ोत्तरी मापी गई है। वहीं गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा तट के समीपवर्ती गांवो के खेतों में भी पानी भर गया है। बता दें कि मानसून सत्र में हर वर्ष ही गंगा में जलस्तर बढ़ता है और गंगा के समीपस्थ रहने वाले ग्रामीणों को इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। खादर के कई गांव जैसे शीशोवाली, ढ़ाकोवाली, मंदिर वाली भुड्डी, टीकोवाली समेत इधर ब्रजघाट दिशा में ओसीता जगदेवपुर, मौहम्मदाबाद, कासमाबाद, कबीरपुर आदि में भी ग्रामीणों को बाढ़ जैसे हालातों से जूझना पड़ता है। अभी तो मानसून सत्र को कुछ ही दिन बीते हैं कि, उसके बाद भी रविवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 200.10 मीटर गेज मापा गया है, जिसके चलते ही गंगा के समीपस्थ खेतों में बाढ़ का पानी भर गया है। ओसीता जगदेवपुर के जंगल (खेतों) वाले मार्ग पर पानी भर गया है तो वहीं तिगरी में भी बंदे के पास काफी तेज धार के साथ पानी बह रहा है। अंतिम संस्कार करने के लिये भी लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पुरोहितों व दुक. ानदारों ने भी अपनी अस्थाई झोपड़ियों को हटाकर पीछे की ओर सूखे स्थान पर कर लिया है। ग्रामीण फसल काटने के लिये भी बहुत ही समझदारी से जा रहे हैं। वहीं रविवार को बिजनौर स्थित बैराज से लगभग 35 हजार 304 क्युसेक पानी डाउन स्ट्रीम (निचली धारा) में छोड़ा गया है, वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट हैं। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा तिगरी में रविवार को दस सेमी की वृद्धि हुई, हालांकि स्तर खतरे से काफी दूर है, लेकिन फिर भी विभागीय टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं।

# ओवर रेटिंग से शराब बेचते सेल्समैन दबोचा

## सादे कपड़ों में विभाग ने मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** शराब की ओवर रेटिंग के मामले में आबकारी विभाग ने विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की है।

रहरा क्षेत्र में शराब की ओवर रेटिंग किये जाने की आबकारी विभाग को शिकायत मिल रही थी। शनिवार की रात पौने 10 बजे आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव को रहरा की कंपोजिट दुकान के सामने ओवर रेटिंग की शिकायत मिली। आबकारी निरीक्षण रामकुमार यादव ने जांच के लिए एक व्यक्ति को 500 देकर रॉयल स्टैग का 375 मिली लीटर का अध्धा खरीदने को भेजा। उसके साथ सादे कपड़ों में सिपाही अनिल कुमार यादव भी गये थे। दुकान विक्रेता ने शराब की बोतल 350 की जगह 360 में बेच दी। उसके बाद आबकारी विभाग द्वारा विक्रेता रामकिशोर को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया गया। बताया जाता है कि विक्रेता गांव सुतारी कला थाना सैद नगली का रहने वाला है। आबकारी विभाग ने खरीदी गई बोतल को सील कर दिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया गया। आबकारी निरीक्षण रामकुमार यादव ने बताया कि ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। यदि कहीं से इस तरह की शिकायत मिलेगी तो दुक. ानदार को बक्शा नहीं जायेगा

# जेवर-नकदी लेकर प्रेमी संग युवती फरार

## युवक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मंगल सूत्र, सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लेकर घर से निकली युवती प्रेमी संग फरार हो गई। ढूंढने में नाकाम परिजनों ने अब मामले में आरोपी युवक के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस प्रेमीयुगल की तलाश कर रही है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक किसान की 19 वर्षीय बेटी का प्रेम-प्रसंग बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ चल रहा था। बीती 27 जून की दोपहर करीब 12 बजे किसान की बेटी अचानक घर से गायब हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर बेचौन परिजनों ने उसे रिश्तेदारी में काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला हालांकि बाद में प्रेमी के साथ फरार होने की जानक. ारी मिलने पर होश उड़ गए। इसके बाद परिजनों ने घर में रखा सामान खंगाला तो अल्मारी में रखे 20 हजार रुपये, सोने की चेन व मंगलसूत्र के अलावा दो जेवरात चांदी के गायब मिले। बदनामी से बचने के लिए करीब 17 दिन से बेटी को घर वापस लाने की कोशिश में जुटे किसान ने आखिर में शनिवार को थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी युवक सौरभ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्दी बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एप्रोच सड़क ठीक कराई, आवागमन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** शनिवार को चकनवाला व शीशोवाली के बीच डेढ़ वर्ष पूर्व छह करोड़ 18 लाख रूपये की लागत से बने

**कार्रवाई**

● सेतु निगम ने मैट को किया तैनात, दिन भरा चला सफाई का काम

70.84 मीटर लंबे पुल की एप्रोच सड़क धंस जाने के बाद विभाग में खलबली मच गई थी। यहां पर एक ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली फंस गई थी। कुछ देर के बाद ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली तो लोगों ने निकाल ली थी, लेकिन घटना का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद मण्डी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने घटना का वीडियो लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को भेजा था और जांच कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद विभाग के अधिकारी बीते दिन ही मौके पर पहुंच गए थे। यहां पर पुल का निर्माण सेतु निगम गाजियाबाद के द्वारा कराया गया था जबकि एप्रोच सड़क का ठेका एमएस मसूद नामक ठेकेदार की कंपनी को दिया गया था। शनिवार की शाम को हो अधिकारियों ने यहां पर कर्मचारियों की टीम लगाकर धंसी हुई एप्रोच सड़क को ठीक कराया और आवागमन शुरू कराया। रविवार को पूरे दिन पुल पर सफाई का कार्य भी चला और सेतु निगम की तरफ से मेट सतपाल सिंह को भी तैनात किया है। अभी तक तो यही बात सामने आई कि बारिश के मौसम में क्षमता से अधिक ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली निकालने के कारण एप्रोच सड़क धंसी थी। बता दें कि यह पुल चकनवाला से शीशोवाली, दारानगर, ढाको वाली, मंदिर वाली भुड्डी, रमपुरा, सुल्तानपुर, विशावली, ढ़ाकोवाली आदि को जोड़ता है।



## एक नजर

### होटल मालिक ने अंतयेष्टि में आए ग्रामीण को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में अंतयेष्टि में शामिल होने आए व्यक्ति को एक होटल संचालक ने मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने होटल संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद सम्भल के थाना क्षेत्र नखासा के गांव केशोपुर भण्डी निवासी ब्रह्मपाल सिंह ग्राम पनसुखा अल्लीपुर निवासी मौसेरे भाई अनेक सिंह के बहनोई के निधन होने पर 09 जुलाई को अंतिम संस्कार के लिये तिगरी गांव में बस द्वारा आए थे। अंतयेष्टि पूर्ण होने पर रात को करीब साढ़े दस बजे वापसी करने के लिये आए लोग बस में बैठ रहे थे। आरोप है कि तिगरी में स्थित प्रजापति होटल के मालिक ने बस हटाने का कहा, तो अनेक सिंह ने दो मिनट में हटाने को कहा। इस पर होटल स्वामी ने अनेक सिंह के साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी और लात घूंसो और लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। इतना ही नहीं अनेक सिंह आदि को जान से मारने की धमकी भी दी। ब्रह्मपाल सिंह ने पुलिस को घटना की तहरीर दी, तहरीर के आधार पर पुलिस ने होटल संचालक के विरूद्ध मुकदमा र्द कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### स्मार्ट सिटी के लिये चेयरमैन का आभार जताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाये जाने की घोषणा के बाद शिया सुन्नी एकता मंच ने चेयरमैन शशि जैन को बुके भेंट कर आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनने पर नगर बेहतर सड़कें, पानी की व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति बेहतर होगी। जबकि पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया जायेगा। जनता को स्मार्ट सिटी की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में सार्थक कदम उठाये गये है। इस मौके पर हाजी खुर्शीद अनवर, मंसूर अहमद एड., फहीम शाहनवाज, सरताज आलम मंसूरी, अब्दुल कय्यूम, कासिम खान, कमर नकवी, इकराम हुसैन, शाहरूख खान, निशात सिद्दीकी, यासिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सपरिवार मुख्यमंत्री से मिले भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, उनकी पत्नी ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, पुत्र बीडीसी सदस्य आयुष चौधरी व सम्बंधी पूर्व बीडीसी सदस्य शशि चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में भेंट की और किसानों का बिजली का बिल माफ करने एवं गन्ने का समय से भुगतान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**मुलाकात**

● मुख्यमंत्री को समय से गन्ना भुगतान के लिये जताया आभार

इस दौरान चौ.विरेन्द्र सिंह व मीनाक्षी चौधरी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी निर्माण के कार्य में हो रही देरी की तरफ मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। इसी के साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से ग्राम पंचायतो में तैनात पंचायत सहायक, शौचालय केयरटेकर व ग्राम प्रधानों का मानदेय ग्राम प्रधान के खाते से न देकर राज्य सरकार द्वारा अलग से व्यवस्था किए जाने हेतु अनुरोध किया, क्योंकि छोटी ग्राम पंचायतो में राज्य वित्त का काफी बड़ा धन इन मानदेय में ही चला जाता है, जिससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित होता है। चौ.विरेन्द्र सिंह ने बताया कि सपविार मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने स्नेह व मार्गदर्शन प्रदान किया।



# चोरी की बाइक के साथ तीन चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** कोतवाली पुलिस शनिवार की शाम रामपुर भूड़ रोड पर स्थित झम्मन लाल डिग्री कॉलेज वके समीप वाहनों की चें. कंग कर रही थी। इस दौरान काशीराम कॉलोनी से पहले प्लाटिंग के सामने बाग के पास बाइक पर आ रहे 3 संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया था वह भागने लगे। इस दौरान उनकी बाइक फिसलकर नीचे गिर गई। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके पास जो बाइक है वह चोरी की है। पुलिस ने मोनू पुत्र चिरंजीवी कपिल पुत्र फकीरा निवासी ग्राम उधनपुर, सचिन पुत्र महेश निवासी ग्राम उधनपुर को चालान कर दिया। उन्होंने यह बाइक ग्राम माडली थाना ऐचौड़ा कम्बोह जनपद संभल से चोरी की थी। पुलिस ने तीन आरोपियों का चालान कर दिया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तीनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है। इस दौरान कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को अनदेखा कर रही सरकार

## 17 जुलाई को सौपेंगे डीआईओएस को ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय महामंत्री डा. जीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार शिक्षकों की मांगों को अनदेखा कर रही है। जिसके विरोध में 17 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज में संगठन की बैठक हुई। जिसमें बोलते प्रदेशीय महामंत्री डा. जीपी सिंह ने कहा कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाये। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह व जिला महामंत्री बालक राम ने कहा कि शिक्षक कई बार अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। इस बार ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पर दवाब बनाने के लिये सभी शिक्षक एकजुट होकर अपनी आवाज उठाये। अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर 17 अगस्त को डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में कृष्ण पाल सिंह, महिपाल सिंह, चारू शर्मा, हरिओम शर्मा, ललित, सोविन्द्र, दीपक, संदीप मौजूद रहे।

## श्री धार्मिक रामडोल कमेटी ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

# शोभायात्रा से पूर्व जर्जर पुलियों की मरम्मत हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** रामडोल कमेटी ने चेयरमैन को ज्ञापन सौंप रामडोल शोभायात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था व रास्तों में क्षतिग्रस्त पुलियों के निर्माण की मांग की है। अध्यक्ष कपिल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी रविवार को चेयरमैन शशि जैन के आवास पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि 17 अगस्त को नगर में विशाल रामडोल शोभायात्रा निकाली जानी है। उन्होने मांग करते कहा कि इससे पूर्व ही जर्जर मार्गो की मरम्मत करायी जाये। टूटी पुलियों का निर्माण कराया जाये। मार्गो पर चूने का छिड़काव हो। सफाई व्यवस्था चाक चौबंध की जाये। उन्होने बताया कि नगर में निकलने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक है। इस यात्रा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चेयरमैन ने भरोसा दिया कि शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। ज्ञापन देने वालों में पंकज जिंदल, मनोज अग्रवाल, सुभाष शर्मा, मनु शर्मा, राज शर्मा, रिशु दीक्षित, मनोज गोयल आदि शामिल रहे।



# पैथोलॉजी लैब संचालक भंग कर रहे गोपनीयता

## वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** पैथोलॉजी लैब संचालक द्वारा मरीजों का खून जांच करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

हसनपुर क्षेत्र मेंअवैध रूप से पैथोलॉजी लैब का संचालन धड़डले के साथ किया जा रहा है। अमरोहा जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों पिछले दिनों सील कर दिया गया था। जो अभी तक चालू नहीं हुए हैं। ढवारसी क्षेत्र में एक पैथोलॉजी लैब संचालक द्वारा मरीज का ब्लड सैंपल निकालते हुए मशीनों द्वारा जांच करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। इस कार्य से जहां मरीजों की गोपनीयता का उल्लंघन हुआ है। वही फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए लैब संचालक ने चिकित्सा परीक्षण को सार्वजनिक भी कर दिया है। लैब संचालक द्वारा ब्लड सैंपल को सार्वजनिक किया गया है यह एक गंभीर अपराध है। जनपद के नोडल अधिकारी शरद कुमार ने बताया घटना की जानकारी विभाग को मिल गई है। एक तो पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित किये जा रहे हैं उसके बाद यह लोग मरीजों के व्यक्तिगत जीवन से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। वह मौके पर पहुंचकर जांच करने के बाद कार्रवाई करेंगे।

# बिजली नहीं, बेलों का कनेक्शन, खम्भों पर हरित आक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**मंडी धनौरा।** लालपुरी गांव की बिजली व्यवस्था इन दिनों ग्रामीणों की चिंता और विभाग की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन गई है। गांव में लगे बिजली के खंभों और तारों पर बेलों का ऐसा कब्जा है कि देखने पर लगता है मानो बिजली नहीं, ष्हरित ऊर्जाष का कोई नया प्रयोग चल रहा हो। खंभों से लटकती बेलें अब तारों को पूरी तरह ढंक चुकी हैं और कई स्थानों पर नीचे तक झूल रही हैं, जिससे आम लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से इन खंभों और तारों की सफाई या मरम्मत नहीं हुई है। बेलें लगातार बढ़ती जा रही हैं और बिजली के तारों में उलझकर गुथ्थियों का रूप ले चुकी हैं। सबसे अधिक खतरा उन स्थानों पर है जहां ये तार सड़कों और स्कूल के पास तक झूल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की सी बारिश या हवा से करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है। बेलों से ढकी यह बिजली लाइनें दुर्घटना को निमंत्रण दे रही हैं, लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि षबिजली भले ही न मिले, लेकिन बेलों की छांव जरूर मिल रही है। विभाग ने बिजली की जगह हरियाली पहुंचाने का बीड़ा उठा लिया है।ष कुछ लोग तो इसे 'बिजली विभाग की हरित क्रांति' बता कर व्यंग्य कर रहे हैं। इस संबंध में जब विद्युत विभाग के एसडीओ राजन कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा, "ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। ऐसा हो सकता है कि उस लाइन में सप्लाई न चल रही हो, लेकिन इसको दिखवाया जाएगा। जानकारी की जाएगी। अब देखना यह है कि विभाग जांच और कार्यवाही कब करता है, क्योंकि बेलों की बढ़ती जकड़न सिर्फ बिजली व्यवस्था नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा को भी तार-तार कर रही है। ग्रामीणों की मांग है कि बारिश के पहले सभी खंभों की सफाई, तारों की मरम्मत और सुरक्षा जांच की जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके



# कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली पर पुलिसकर्मियों को किया ब्रीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली पर पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया तथा दिशा निर्देश दिए गए। मीडिया सैल द्वारा रविवार को करीब एक बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि बागपत के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्सागी ने महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा के कृष्टिगत कोतवाली पर सभी पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# विश्वकर्मा समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के बावली रोड़ स्थित विश्वकर्मा समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी घोषित। पांचाल विश्वकर्मा समाज की एक पंचायत विश्वकर्मा मन्दिर बावली रोड पर हुई जिसमे सर्वसम्मति से राजेन्द्र पांचाल को मन्दिर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजेन्द्र पांचाल के विरोध मे केवल दो वोट पडे। पंचायत की अध्यक्षता ब्रह्मपाल सिंह व संचालन रमेश पांचाल ने किया। बैठक मे समाज की एकता पर बल दिया गया। इमो के पर मंदिर नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र पांचाल ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज द्वारा मुझे दी गई है मैं उसे पर खरा उतरने का काम करूंगा। गांव गांव में जाकर समाज को जोड़ने का काम किया जाएगा।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में निकट भविष्य में हब बनेगा उत्तर प्रदेश: योगी

● मुख्यमंत्री योगी ने समूह को संबोधित करते हुए कहा: समूह की तरफ से प्राप्त सुझाव स्वागत योग्य हैं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) के निर्माण का हब बनेगा। योगी ने उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास एवं छवि निर्माण के लिये नियोजन विभाग के अंतर्गत नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने मुलाकात की। इस समूह में कृषि, शिक्षा, सेमी कंडक्टर, एमएसएमई, स्टार्टअप जैसे अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे देश के विषय विशेषज्ञ शामिल थे।

इस दौरान समूह ने मुख्यमंत्री योगी को अपने कुछ सुझाव दिए। वहीं मुख्यमंत्री योगी ने समूह को संबोधित करते हुए कहा कि समूह की तरफ से प्राप्त सुझाव स्वागत योग्य हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में अग्रसर है। इसके लिए प्रदेश के सभी विभाग मिलकर तेज़ गति से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सलाहकार समूह से प्राप्त होने वाले सुझावों का तय समय पर क्रियान्वयन आवश्यक है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन कर चुकी है, जो जल्द ही कार्य करना शुरू कर देगी। इस मिशन के तहत जॉब मैलपग कर विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रदेश के युवाओं का कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से राज्य में स्वच्छ, टिकाऊ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में हब बनेगा। बहुत ही जल्द उत्तर प्रदेश में स्थापित लहदुजा ग्रुप की यूनिट इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्रोडक्शन शुरू कर देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जहां किसानों को 8-10 घंटे बिजली मिल रही है, वहीं उत्तर प्रदेश में आज किसानों को 15-16 घंटे बिजली मिल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 1 लाख सोलर पैनल उपलब्ध करा रही है। सरकार ने नलकूपों के सोलराइजेशन (सौर ऊर्जा से संचालन) को मिशन मोड में लागू किया है। उत्तर प्रदेश निजी पंप सोलराइजेशन में देश में अग्रणी है। इससे किसानों को कम लागत में बिजली उपलब्ध हो रही है और राज्य का विद्युत उत्पादन भी बढ़ रहा है। योगी ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन अच्छा है। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानपुर से आठ हजार मेगावॉट के पॉवर प्लांट का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में भी उत्तर प्रदेश ने सारी प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके माध्यम से वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश 22 हजार मेगावॉट का उत्पादन शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में देश का रोल मॉडल बनेगा और सरकार की नीतियां प्रदेश को हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्ष में प्रदेश के किसानों के हित में बहुत सारे कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 1 दर्जन सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराकर नहरों के माध्यम से 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा प्रदान की गई है। शारदा नहर का पानी पहली बार वाराणसी पहुंचा है। आज बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के किसान एक वर्ष तीन-तीन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मूंग दाल, मूंगफली और मक्का की खरीद के लिए प्रोक्योरमेंट केंद्र बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 1996 से 2017 तक गन्ना किसानों को जितना भुगतान किया गया था, विगत आठ वर्ष में उससे 70 हजार करोड़ ज्यादा यानी 2 लाख 85 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में हर साल मात्र 500 फैक्ट्रियों का रजिस्ट्रेशन होता था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके लिए अभियान चलाया, जिसके सकारात्मक परिणाम सबके सामने हैं, अब लगभग 4 हजार फैक्ट्रियों का रजिस्ट्रेशन प्रति वर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोवंश संरक्षण में उत्तर प्रदेश ने काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में गो आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिसका प्रदेश के पशु पालकों को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि लैंड लॉक्ड स्टेट होने बाद भी उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है और उत्तर प्रदेश, देश में सबसे तेज़ी से बढ़ता निवेश हब बन रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य आमजन की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और प्रदेश के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है बैठक के दौरान नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने विगत आठ वर्षों में हुई उत्तर प्रदेश के प्रगति की सराहना की। समूह ने कहा कि निवेश अनुकूल माहौल के कारण आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है।

# सड़क दुर्घटना में चार श्रद्धालुओं की मौत, दो घायल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में श्रद्धालुओं की कार रविवार को ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में चार की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हुए हैं। सभी सिद्धार्थनगर जिले के रहने वाले थे।

पुलिस के अनुसार ये लोग झारखंड के बाबा धाम से लौटते समय गोपालगंज जिले के थावे के दुर्गा मंदिर से दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। सिद्धार्थनगर के श्रद्धालुओं की कार पटहेरवा थाना क्षेत्र के बगही कुटी के पास फोरलेन पर ट्रैक्टर टाली से टकरा गई। कार की गति इतनी तेज थी कि हादसे में श्रद्धालु कार में ही फंस गए। तीन को कार के अंदर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से सबको बाहर निकाला। एक और घायल की बाद में मौत हो गई।जबकि दो घायलों को नजदीक के सीएचसी तमकुहीराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जो भर्ती कराये गये, उनमें कार चालक राजेश शर्मा पुत्र कृष्ण चंद्र शर्मा और आगे बैठे प्रशांत कुमार की जान बच गई। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज को थाना पटहरेवा क्षेत्रान्तर्गत बगहीकुटी के समीप एक कार राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। कार चालक ने बताया कि कल रात्रि 10 बजे झारखण्ड से निकले थे, लगातार गाडी चला रहा था, आज सुबह झपकी आ जाने के कारण पीछे से ट्रैक्ट्रर ट्राली में जा कर टकरा गया। दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई तथा दो लोग घायल हो गये। घायलों का समुचित इलाज कराया जा रहा है। सभी मृतक सिद्धार्थ नगर के रहने वाले है। मृतको में मनोज शर्मा पुत्र अज्ञात जनपद सिध्दार्थनगर, सुजीत जायसवाल पुत्र अज्ञात जनपद सिध्दार्थनगर, रामकरन गुप्ता पुत्र अज्ञात जनपद सिध्दार्थनगर, कैलाश मणि त्रिपाठी पुत्र अज्ञात जनपद सिध्दार्थनगर निवासी हैं। घायलों में राजेश शर्मा पुत्र कृष्ण शर्मा निवासी पं0 दीनदयाल नगर जनपद सिध्दार्थनगर(चालक), सुशान्त शर्मा पुत्र धीरेन्द्र शर्मा निवासी पं0 दीनदयाल नगर जनपद सिध्दार्थनगर है।

# गैर इरादतन हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना बखिरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बखिरा पुलिस द्वारा पंजीकृत मामले में वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र दीनानाथ यादव निवासी ग्राम कुसम्हा थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर, हाल पता मंझरिया पठान टोला बनकटवा थाना बेलहर कला जनपद संत कबीर नगर को आज दुर्गजोत चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया। जिसमें वादी के भाई रामसरन की 25 मई को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उपरान्त अभियोग में सुसंगत धारा की बढोत्तरी की गई तथा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बखिरा पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना में सम्मिलित एक अन्य अभियुक्त सर्वेश यादव पुत्र गौरीशंकर यादव निवासी कुसम्हा माफी थाना बखिरा जनपद संतक. बीरनगर को 27 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था। आज अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## एक नजर

### लव जिहाद मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना चौक कोतवाली क्षेत्र में मुस्लिम युवक ने नाम और पहचान छिपाकर हिन्दू युवती से दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसने गुप्त कैमरे से युवती का वीडियो भी बनाया। पुलिस ने आरोपी सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रविवार को पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के तारीन बहादुरगंज के रहने वाले कासिव ने सोशल मीडिया पर शिवम वर्मा नाम से फर्जी आईडी बनकर पीड़िता से संपर्क बढ़ाया और उससे दोस्ती कर ली।उसके बाद पीड़िता को शादी का झांसा देकर किराए के कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया और गुप्त कैमरे से उसका वीडियो बनाकर उसको ब्लैकमेल करने लगा। कासिव पीड़िता से जब भी मिलता तो हाथ में कलावा व माथे पर रोली का तिलक लगा कर ही मिलता एवं हिंदू देवी देवताओ की कसमें भी खाता था। वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर पिछले दो वर्षों से जबरन बलात्कार करता रहा। उन्होंने बताया कि पीड़ित को तीन माह पूर्व पता चला कि शिव वर्मा हिन्दू नहीं बल्कि मुसलमान है उसका असली नाम मो॰ नावेद उर्फ कासिफ पठान है। उसके मोबाइल को पीड़िता ने 11 जुलाई को चेक किया तो पता चला कि यह एक संगठित गिरोह है और मो. नावेद व उसका भाई कैफ व इनका एक सरगना अकिल निवासी वर्कजई का रहने वाला है।ये लोग हिन्दू लडकियो को प्रेमजाल में धोखा धड़ी से फंसकर उनके साथ बलात्कार कर उनकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते है। अपने परिचित मुस्लिम लडको के साथ सम्बन्ध बनाने व निकाह करने को मजबूर करते है। इसके मोबाइल में कई हिन्दू लड़कियों के अश्लील फोटो व वीडियो मिले है। पीड़िता ने जब इन लडकियों के साथ गन्दी वीडियो व फोटो के बारे में पूछा तो पीड़िता को बहुत मारा पीटा और कहने लगा कि हिन्दू लडकियों के साथ सम्बन्ध बनाना मुसलमानों में बहुत सबाब का काम है। तुम हमें इससे नहीं रोक सकती। तथा पीड़ित पर भी जबरदस्ती कलमा पढवाकर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने का जोर डालता है। पिछले तीन महीने से नावेद व उसका भाई कैफ पीड़िता के साथ उसकी बगैर मर्जी से ब्लैकमेल कर जबरदस्ती बलात्कार करते है। मना करने पर मारते पीटते तथा अश्लील वीडियो वायरल कर कही मुंह दिखाने लायक नहीं रखेगे यह धमकी देते है। श्री द्विवेदी ने बताया कि जब पीड़िता गर्भवती हो गई थी तो नावेद व उसके भाई कैफ, उसके पिता आलम खां, मां उजमा खां, व बहन समन ने पीड़ित पर गर्भ गिराने का दबाब बनाया। आज से करीब तीन माह पूर्व उक्त सभी लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट की व नावेद ने उसके पेट पर लात मार दी जिससे उसका तीन महीने का गर्भ गिर गया। पुलिस ने छह लोगों मो-नावेद उर्फ कासिब पठान ,कैफ ,अकिल ,आलम खां,उजमा खां तथा समन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में 147,419,376-क,323,312,506 67(ए),3,5 (1) मुक. दमा दर्ज कर मो- नावेद उर्फ कासिब पठान को गिरफ्तार कर लिया है।

### सपा नेता मनीष यादव पार्टी से बर्खास्त

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में समाजवादी पार्टी के नेता मनीष यादव को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी के इटावा इकाई के अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी हाई कमान के निर्देश के क्रम में स्थानीय नेता मनीष यादव यादव को पार्टी विरोधी की स्थितियों में शामिल होने के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। ऐसा कहा गया कि मनीष यादव काफी समय से पार्टी लाइन से अलग हट कर अपनी रायशुमारी करने में जुटे हुए थे जो पार्टी के प्रमुख नेताओं को रास नहीं आ रहा था। इस बारे में कई बार मनीष यादव को इस बाबत हिदायत भी दी गई लेकिन मनीष यादव का पार्टी विरोधी बयानात लगातार जारी रहा जिसके चलते पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देश के क्रम में निष्कासन की कार्रवाई अमल में लाई गई है। मनीष यादव को 2022 विधानसभा चुनाव के समय आगरा के प्रभारी बनाया गया था। उन्होंने 2012 में बसपा और 2017 में भाजपा से जसवंतनगर विधानसभा से अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़ा था। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने गुरु स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ मनीष यादव ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी लेकिन पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उनको पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। साल 2023 में मनीष यादव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार भी किया जा चुका है। उनके खिलाफ हत्या हत्या के प्रयास अपहरण रंगदारी समेत 19 मामले इटावा,लखनऊ आदि जिलों में दर्ज है। वह इटावा जिले की चौबिया थाने के गैंगस्टर भी है।

### दो बाइकों की टक्कर में दो कावड़ यात्री घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजबाद जनपद के थाना रामगढ़ क्षेत्र में रविवार को कावड़ यात्रियों की टोली के साथ चल रहे दो बाइक सवार कावड़ यात्री और एक अन्य बाइक में जोरदार टक्कर में दो कावड़ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना रामगढ़ क्षेत्र के आकाशवाणी रोड पर आज दो बाइको के बीच जोरदार टक्कर हो गई दो, जिसमें दो कावड़ यात्री घायल हो गए। घायल योगेश राजपूत और धर्मेंद्र राजपूत जो अपनी टोली के साथ बाइक से चल रहे थे। थाना मक्खनपुर के नगला मवासी से शिव भक्त श्रद्धालुओं की एक टोली कासगंज से गंगा का जल भरकर वापस लौट रही थी तभी यह हादसा हो गया सभी श्रद्धालु सांती शिव मंदिर की ओर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस में घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए है।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल कुख्यात गौ तस्कर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले की कंम्पिल थाना पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए एक कुख्यात गौ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आज अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ के शुरू अभियान में कंम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, अपने दल बल के साथ रविवार तड़के करीब 3:30 बजे थाना क्षेत्र में बरखेड़ा पुलिया के पास वाहन चेलकग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल पर सवारों को रोकने का प्रयास करते हैं जिस पर कुख्यात बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया।

# चार लाख से अधिक कीमत के गांजे के साथ दो अंतर्राजीय तस्कर गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी जनपद के बबीना थानाक्षेत्र में पुलिस ने दो अंतर्राज्ईय गांजा तस्करों को बीस किलो 930 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये गांजे की अनुमा. नित कीमत चार लाख 18 हजार 600 रूपये है। पुलिस ने रविवार को बताया कि अपराधियों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बबीना थाना पुलिस ने झांसी-ललितपुर हाईवे पर बबीना टोल प्लाजा के पास से मनकुआं जाने वाले जंगल के कच्चे रास्ते पर शनिवार को दो गांजा तस्करों लक्ष्मीनारायण निवासी लसुडल्या जहांगीर थाना पचौर जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश और भावसिंह अहिरवार निवासी राजा भईया की कालोनी कराईया खेड़ा रोड निरिया थाना कोतवाली देहात जिला विदिशा मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। यह दोनों तस्कर कार में छुपाकर गांजे को ले जा रहे थे, इनके पास से मध्य प्रदेश के नंबर की वह कार भी बरामद कर ली।

# जनता-पुलिस के बीच कृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता जरूरी: आयुष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नगर युवा आईपीएस अधिकारी आयुष श्रीवास्तव ने रविवार को कहा कि जनता और पुलिस के बीच कृष्ण-सुदामा जैसी सच्ची मित्रता जरूरी है। समाज को सही दिशा एवं आपराधिक मामलों से मुक्ति के लिए इनका सहयोग उतना ही आवश्यक है जितना मछली के लिए जल की होती है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव रविवार को यूनिवार्ता द्वारा पूछे गए जनता और पुलिस के बीच सामंजस्य के सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का हाथ राजस्व और न्यायालय से जुड़े मामलों में बंधा रहता है जबकि संगीन वारदात को अंजाम देने वालों पर तो वह कहर बनकर टूट पड़ती है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी समाज से आई है। किसी भी रिस्ते को बचाने में त्याग सबसे महत्वपूर्ण है। अगर मैं आईपीएस बना हूं तो उसमें हमारे-माता-पिता का त्याग और योगदान है। जब रिश्ते मधुर होते हैं तो कठिनाईयां अपने-आप आसान हो जाती है। पुलिस समाज से हटकर काम करेगी तो हमे लगता है कि उसकी बुराईयों में भी लोगों को अच्छाईयां नजर आने लगेगी। उन्होंने अपराध पर चर्चा करते हुए कहा कि इसकी रोकथाम के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहती है। समय-समय पर पीस कमेटी की बैठक, वाहनों की चेलकग, गुंडा एक्ट, जिला बदर, शांतिभंग, पुलिस हेल्प लाइन आदि के साथ दिन और रात्रि का गस्त इसका एक अहम हिस्सा है। अपराधियों के खिलाफ अभियान भी चलाया जाता है। समय-समय पर उनका सत्यापन कर पता किया जाता है कि कही वह दोबारा तो इस कार्य में लिप्त नहीं है। इस कार्य में पुलिस की हमेशा पैनी नजर रहती है, बावजूद इसके अगर कोई आपराधिक वारदात होती है तो पुलिस तब तक चैन नहीं लेती जब-तक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर विवेचना को समाप्त न कर दें। पत्नी-पत्नी के रिश्तों में तेजी से आ रही खटास पर उन्होंने कहा कि इस मामले में लोग आपसी समझदारी से काम लें। परिवार के साथ अपने सगे-संबंधियों का सहयोग लें, जिससे समय रहते इसे हल कर लिया जाए। फिर भी अगर बात नहीं बन रही है तो मुकदमे का नहीं बल्कि परिवार परामर्श केन्द्र का सहारा लें। जमीनी मामलों पर कहा कि यह राजस्व से जुड़े होते है। इसमें पुलिस का सीधे कोई हस्तक्षेप नहीं होता। पुलिस सिर्फ शांति व्यवस्था ही कायम कर सकती है। जमीन पर कब्जा राजस्व विभाग ही दिला सकता है। इस तरह के मामले दोनों के हस्तक्षेप से ही खत्म होते है। उन्होंने कहा कि रिश्ते में कड़वाहट के चलते भाई-बहन, पिता-पुत्र, मां-बेटे, भाई-भाई, चाचा-भतीजा व पति-पत्नी का विवाद आम हो गया है।

ऐसे मामलों में अगर देखा जाए तो अगर पीड़ित पक्ष का मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है तो दूसरा पक्ष भी क्रास केस के लिए दबाव बनाने लगता है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। मुकदमा सिर्फ पीड़ित पक्ष का ही दर्ज होना चाहिए। इससे दबंगई करने वालों का मनोबल टूटता और अपराध में कमी आती हैं। छोटे-बड़े मामलों को भी बातचीत से हल करने का प्रयास करना चाहिए न कि मुकदमे से। थानों पर फरियादियों की कम सुनवाई होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे थानों का फीडबैग लिया जाता है। लापरवाही उजागर होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। गौरतलब है कि 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं देश की राजधानी दिल्ली के रहने वाले आयुष श्रीवास्तव की जनपद में पहली पोलस्टग है। त्रिपुरा से ट्रेनिंग लेने के बाद शासन ने उन्हें जौनपुर भेज दिया। सर्व प्रथम अक्टूबर में उन्हें बदलापुर तहसील का पुलिस क्षेत्राधिकारी बनाया गया। एक माह तक उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। नवम्बर में माहभर के लिए अवकाश पर चले गए। छुटी से वापस आने के बाद दिसम्बर में उन्हें सीओ सिटी की कमान सौंपी गई। लगभग तीन माह तक उन्होंने अपने कार्यों को बखूबी अंजाम दिया। उनकी निष्पक्ष कार्यकुशलता, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता के साथ-साथ जनता में अच्छी छवि को देखते हुए शासन ने उन्हें जनपद में ही अपर पुलिस अधीक्षक नगर बना दिया। बीते 18 मार्च से वह एएसपी सिटी का कार्यभार देख रहे हैं। अगर उनकी कार्यशैली पर नजर डाली जाए तो पीड़ितों की समस्याएं उनके लिए सर्वोपरि है। कार्यालय में समय से बैठकर शिकायतों का निष्पक्षता से निराकरण करना इनकी आदत में सुमार है। तत्परता ऐसी कि जन सुनवाई के दौरान समय का ध्यान ही नहीं रहता। आफिस आया फरियादी निराश होकर नहीं लौटता। उदाहरण के लिए नौ जुलाई को लगभग तीन बजे तक जन सुनवाई कर उठ रहे थे। उसी दौरान केराकत की एक महिला अपने दस वर्ष के बेटे ऋषभ के साथ हाथ में प्रार्थना पत्र लिए पहुंच गई। नजर पड़ते ही उन्होंने पास बुला लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि खेत में बकरी चले जाने को लेकर ऋषभ को गांव के एक दबंग ने मारपीट कर जख्मी कर दिया है। मां-बेटे की आंखों से अश्रुधारा बह रही थी। त्वरित कार्रवाई का ढ़ाढ़स बधाते हुए सर्व प्रथम उन्होंने दोनों को बिस्कुट खिलाकर पानी पिलवाया। इसके बाद कोतवाली प्रभारी को फोन लगाकर जमकर क्लास ली। फटकार लगाया कि दबंग के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए शाम तक अवगत कराइए, अन्यथा कठोर दंड के लिए तैयार रहें। इस प्रकार उनके कड़े तेवर देख रो रहे मां-बेटे के चेहरे पर न्याय मिलते ही मुस्कान लौट आई। पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर बाद तक पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने वाले अधिकारी आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि जिस किसी की भी थाने पर सुनवाई नहीं हो रही है या विवेचक काम नहीं कर रहा है वह बिना किसी रोक-टोक मुझसे मिल सकता है। समय रहते उसका निस्तारण किया जाएगा।

# अमेरिका से गोल्ड मेडल लेकर लौटे आरक्षी पुत्र का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** अमेरिका के बर्मिंघम अल्बामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम-2025 में गोल्ड मेडल लेकर रविवार को लौटे उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के इरफान अहमद का स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बाजार निवासी सब्जी विक्रेता अली हसन के पुत्र इरफान अहमद उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी हैं, जो लखनऊ पुलिस लाइन में तैनात हैं।

वह भारतीय पुलिस दल की टीम के साथ वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में हिस्सा लेने अमेरिका के बर्मिंघम गए थे। जहां 800 मीटर दौड़ में उन्होंने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। मोहम्मद इरफान को गोल्ड मेडल मिलने की जानक. ारी होते ही कालीन नगरी के लोग झूम उठे। रविवार को हरिद्वार से वाराणसी को आने वाली डॉ बुंद. ेलखंड एक्सप्रेस से इरफान गोल्ड मेडल लेकर लगभग 9 बजकर 20 मिनट पर भदोही रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। बताया जाता है कि इरफान के पिता अली हसन सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करते थे।

इस बीच इरफान का चयन आरक्षी के पद पर उत्तर प्रदेश पुलिस में हो गया। इरफान को बचपन से ही खेलों, विशेष कर दौड़ लगाने का शौक था। इरफान के गोल्ड मेडल लेकर पहुंचते ही परिजनों सहित कालीन नगरी के लोग खुशी से झूम उठे। पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में इरफान ने इस कामयाबी के लिए माता-पिता, मित्र व अपने गुरुजनों को श्रेय दिया कहा कि गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूदपिता ने अपनी कड़ी मेहनत से कभी किसी चीज का अभाव नहीं होने दिया। उन्होंने अपनी जीत का पूरा श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। पिता ने अपनी कड़ी मेहनत से कभी किसी चीज का अभाव नहीं होने दिया। उन्होंने अपनी जीत का पूरा श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

# इलाज के नाम पर महिला से छेड़छानी करने वाला बाबा गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नारखी क्षेत्र के तहत रविवार को एक मंदिर के बाबा को पुलिस ने पीडित महिला द्वारा इलाज के नाम पर उसके साथ छेड़खानी करने की शिकायत पर गिरफ्तार कर लिया। थाना नारखी क्षेत्र के गांव मनिया खेड़ा मे जनपद हाथरस के सासनी निवासी एक विवाहिता जो अपनी रिश्तेदारी में आई हुई थी। महिला की शादी को कई वर्ष हो गए थे किंतु उसके संतान नही थी। महिला को पता लगा था कि गांव मनिया मे मंदिर का एक बाबा सन्तान का इलाज करता है। सासनी निवासी महिला अपने रिशतेदार के साथ आपके मंदिर की बाबा चंद्रपाल के पास इलाज के लिए गईथी। बाबा चंद्रपाल ने राज कराने आई लैला को अंदर बुला लिया जवकि अन्य रिश्तेदारों को वाहर ही बैठा दिया। पीडित महिला के अनुसार बाबा ने इलाज के नाम पर छेड़छाड़ की शुरु कर दी गई। बाबा की हरकत से परेशान महिला चीखती कमरे से बाहर भागी और रिश्तेदारों को बाबा की करतूत से अवगत कराया।

# कुल्हाड़ी मारकर युवक की हत्या, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा मोड़ के पास शनिवार की देर रात पानी का छीटा पड़ जाने के कारण हुए मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के शेखपुर सुतौली गांव निवासी जय नाथ का 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार अपने छोटे भाई के साथ शनिवार की रात लगभग 8 बजे डीजल लेने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से खुटहन बाजार जा रहा था।

उसी समय गौसपुर गांव के पास सड़क के किनारे खड़े रहे तीन लोग चंद्रभान यादव, शैलेश यादव व सुरेंद्र यादव के ऊपर मोटरसाइकिल से पानी का छीटा पड़ गया। इसी बात को लेकर तीनों ने बाइक सवार को गाली गलौज कर दी लेकिन बाइक सवार वहां से चला गया और डीजल लेकर जब वापस लौट रहा था उसी समय तीनों ने घेर कर उस पर कुल्हाड़ी और गडासी से हमला कर दिया।

इसी बीच घटना की जानकारी जैसे परिजनों को मिली वहां पहुंच गए तो देखा खून से लथपथ अवस्था में संतोष जमीन पर गिरकर तड़प रहा था। उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटहन ले गए जहां से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में तीनों हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया। दूसरी तरफ पुलिस ने दो घण्टे के अंदर तीनों नामजद अभियुक्तों को कुल्हाघी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## टब में डूबी दो साल की बच्ची, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में अछल्दा क्षेत्र के पुराना अछल्दा में रविवार सुबह दो वर्षीय बच्ची की बाथरूम के टब में डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अछल्दा गांव निवासी दीपू दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी तीन पुत्रियां मानवी (6 वर्ष), जानवी (4 वर्ष) व शालिनी (2 वर्ष) थीं। दीपू रविवार सुबह ही दिल्ली से वापस गांव पहुंचा जिसके बाद बाल कटवाने के लिए चला गया। वह जब बाल कटवाने के लिए गया था तभी उनकी दो वर्षीय पुत्री शालिनी की बाथरूम में टब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची के डूबने की जानकारी होते ही परिजन तुरंत उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचे। जहां पर डाक्टर गौरव कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजन शव को घर ले आये। वहीं घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# जीएसएन इंटरनेशनल में मॉनिटर चुनाव

## लोकतंत्र, नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को मॉनिटर चुनाव का आयोजन बड़े ही उत्साह और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विकास पंकज के मार्ग दर्शन में हुआ, जबकि छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् नीरज कुमार ने लोकतंत्र, नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।



प्रत्येक कक्षा से चार छात्रों ने मॉनिटर पद हेतु नामांकन प्रस्तुत किया। नामांकन के उपरांत सभी अभ्यर्थियों ने अपनी योग्यता और कर्तव्यों को लेकर आत्मविश्वास से भरे भाषण दिए, जिनमें उन्होंने बताया कि वे क्यों उपयुक्त उम्मीदवार हैं और उन्हें वोट क्यों दिया जाए। बच्चों में मतदान को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। उन्होंने स्वयं बैलट पेपर के माध्यम से अपने पसंदीदा प्रतिनिधि को वोट देकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। मतदान के पश्चात सभी वोटिंग बॉक्स को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में सील किया गया। परिणाम की घोषणा सोमवार को की जाएगी।

विद्यालय के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी का निर्वहन और लोकतांत्रिक मूल्यों को व्यवहारिक रूप में विकसित करना था। कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियों को बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क

## शिवभक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारी घूम रहे कांवड़ मार्गों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सावन मास में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारी लगातार मार्गों का भ्रमण कर रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई ने नजीबाबाद व मंडावली थाना क्षेत्रान्तर्गत कांवड़ यात्रा/श्रावण मास के दृष्टिगत कांवड़ मार्गों का भ्रमण किया तथा सभी ड्यूटी प्वाइंटों, सीसीटीवी कैमरों अन्य व्यवस्थाओं को चेक किया। उन्होंने मंडावली थाने के अंतर्गत मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का भी जायजा लेकर पुलिस को कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने कांवड़ियों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, बिजली के खंबे व तारों की स्थिति तथा नीचे रखे ट्रांसफार्मरों की बेरिकेडिंग, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन प्वाइंट, कांवड़ शिविरों व वाहन पार्किंग स्थानों को भी देखा तथा मंदिर के पुजारी शशिनाथ से भी बातचीत की। इस मौके पर सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी नजीबाबाद धीरज सोलंकी व मंडावली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



# रेडियो सन्देश बिजनौर ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, कैम्पस स्थित रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 के परिसर मे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें पीपल ,नीम इत्यादि अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर संस्था के संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने कहा कि वृक्षारोपण से हमें स्वच्छ वायु और ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो हमारे जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसलिए हमे अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। रेडियो संदेश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने कहा कि वृक्षारोपण का महत्व अनमोल है। पेड़ न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। वे वायु प्रदूषण को कम करते हैं, जलवायु संतुलन बनाए रखते हैं और बाढ़ व मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वृक्ष जीव-जंतुओं को आवास देते हैं और हमारे जीवन को हरा-भरा बनाते हैं।

इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल, विपिन कुमार (नोडल अधिकारी वृक्षारोपण), रेडियो टीम सदस्य सुनील भारद्वाज, संग्राम सिंह, ललित राठी, सारिका चौधरी, डॉ. शबनम कुरैशी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# स्योहारा नगर पालिका की अनोखी पहल

## एलईडी स्क्रीन से होगा अब प्रचार और विकास कार्यों का सीधा प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने नगर वासियों के लिए एक नई और सराहनीय सौगात दी है। नगर के प्रमुख चौराहे फव्वारा चौक पर नगर पालिका द्वारा एक एलईडी स्क्रीन लगवाई गई है जो अब आम नागरिकों, व्यापारियों, चिकित्सकों एवं सामाजिक संगठनों के लिए उनके प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम बनेगी। इस एलईडी स्क्रीन के जरिए कोई भी व्यक्ति चाहे वह चाय विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, डॉक्टर या कोई सामाजिक संस्था हो अब मात्र एक निर्धारित शुल्क पर नगर पालिका कार्यालय में रसीद कटवा कर अपने व्यवसाय सेवाओं या सामाजिक अभियानों का प्रचार कर सकेगा।




चेयरमैन फैसल वारसी ने इस अवसर पर कहा यह एलईडी सिर्फ एक प्रचार माध्यम नहीं बल्कि नगरवासियों से संवाद का जरिया भी बनेगी। नगर पालिका द्वारा जो भी विकास कार्य सड़क निर्माण स्वच्छता अभियान या अन्य जनहित की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनकी वास्तविक तस्वीरें और जानकारियां भी इसी स्क्रीन के माध्यम से नगर वासियों तक पहुंचाई जाएंगी। एलईडी पूरी तरह से नगर पालिका के नियंत्रण में रहेगी और इसके संचालन की जिम्मेदारी भी नगर पालिका की टीम के पास होगी। यह कदम पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ छोटे व्यापारियों और संस्थाओं को सस्ते व प्रभावशाली प्रचार का अवसर देगा। फैसल वारसी ने आगे कहा मैं आप सभी की खिदमत करने आया हूं। खिदमत कर रहा हूं और इंशा अल्लाह खिदमत जारी रहेगी। हमारा उद्देश्य है कि नगर के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचे और जनता हर कार्य से वाकिफ रहे। नगरवासियों द्वारा चेयरमैन की इस पहल की सराहना की जा रही है। यह प्रयास न केवल नगर के डिजिटल विकास की ओर कदम है। बल्कि यह स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता और उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा।

इस मौके पर जुनैद मालिक, शोएब अंसारी, वसीम उर्फ बबली कुरैशी, वारिस चौधरी, अजीम चौधरी, अदनान शेख, फैसल हिलाल, अज्जू खां, आसिम, कासिम सलमानी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पेड़-पौधों का मानव जीवन में बहुत बड़ा महत्व : डॉ. साधना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शासन के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छाया एवं फलदार जामुन, अमरुद, शीशम, सागवान आदि के लगभग 50 पौधे रोपित किए गए। इस अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना के अतिरिक्त महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं महाविद्यालय के अधिसंख्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पौधारोपण के उपरांत प्रोफेसर डॉ. साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण अभियान एक ऐसा प्रयास है। जिसमें पौधों को लगाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बेहतर बनाना, प्रदूषण कम करना और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। डॉक्टर साधना ने सभी को शपथ दिलाते कहा कि जिन्होंने इस पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की है। वह उन पौधों का पालन-पोषण भी करेंगे। क्योंकि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पौधे लगाए तो जाते हैं, लेकिन वह कुछ ही दिनों में उचित देखभाल के अभाव में सूख जाते हैं। इसीलिए हम सभी को पौधा रोपण के बाद उनकी देखभाल करना भी जरूरी होता है। पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक (कार्यालय) राजेश श्रीवास्तव का भी सहयोग रहा।

# स्कूल बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता

## छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र -छात्राओं के द्वारा अपनी वस्तुओं को व्यवस्थित करके रखने की प्रेरणा देना था।



स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा एक (अ) हिया ने प्रथम, अलफिया ने द्वितीय, रिया ने तृतीय, कक्षा (ब) आदित्य, स्वर्णिका ने प्रथम, दिशानी, अरवाब, अभिजीत ने द्वितीय, सूर्या ने तृतीय कक्षा दो (अ) रूचि ने प्रथम, अनिका ने द्वितीय, सोफिया ने तृतीय, कक्षा (ब) अरमिश ने प्रथम, विदुशी ने द्वितीय, मौहम्मद अफ्फान ने तृतीय, कक्षा तीन (अ) तनवी ने प्रथम, परिधि एवं अयान ने द्वितीय, अक्षित, वेदांश ने तृतीय कक्षा चार (अ) अवनी एवं राशि ने प्रथम, फिजा एवं उज्जवल, राघव एवं अरहान, कक्षा चार (ब) सक्षम एवं नित्यम ने प्रथम, अन्नया एवं अली ने द्वितीय, नक्ष एवं हर्षवर्धन ने तृतीय, कक्षा पांच (अ) विधिशा एवं इंशा ने प्रथम, सुभान एवं तनिक्ष ने द्वितीय, सुक्रीर्ती एवं मानवी ने तृतीय, अलफिया ने प्रथम, दलजीत ने द्वितीय, आरोही ने तृतीय, कक्षा छह (अ) हुमैरा ने प्रथम, नहारिका ने द्वितीय, काव्या, छवी, हंशिका ने तृतीय, छह (ब) से काव्या ने प्रथम, अर्थव एवं विवान ने द्वितीय ऐमी ने तृतीय, कक्षा सात (अ) से उनैजा ने प्रथम, अफशा ने द्वितीय, मानवी ने तृतीय, कक्षा सात (ब) प्राप्ती ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय, कामिनी ने तृतीय कक्षा आठ (अ) से भूमि ने प्रथम, प्राची ने द्वितीय, अन्नया ने तृतीय, कक्षा आठ (ब) से वाशु ने प्रथम, सिदरा ने द्वितीय तथा सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को एक निश्चित अवधि में समय सारणी के अनुसार स्कूल बैग व्यवस्थित करना था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद सभी प्रतियोगीयों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में अध्यापक अनुज कुमार व अध्यापिका चारू सिंह रहें।

# कपड़ों की दुकान में चोरी

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला खेड़ा निवासी मोहसिन की हरवंश गंज बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। शनिवार की रात वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर घर लौट गया। लेकिन देर रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में सेंध लगा दी। चोर दुकान से एक बैटरी और कुछ नकदी चोरी कर फरार हो गए।

रविवार सुबह जब मोहसिन दुकान पहुंचे, तो उन्हें चोरी का पता चला। दुकान के शटर का टूटा हुआ ताला देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस का कहना है कि अभी तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने व चोरों का शीघ्र खुलासा कर गिरफ्तारी की मांग की है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी शुरु, कार्य योजना बनाई

## श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति की एक बैठक ग्राम टपरौला में रविवार को विनोद चौहान के आवास पर आयोजित की गई। आयोजित बैठक में 16 अगस्त को मनाए जाने वाले कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की कार्य योजना बनाई गई तथा प्रचार समिति का गठन किया गया।

श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति की बैठक में आगामी 16 अगस्त को मनाया जाने वाला कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी के लिए कार्य योजना बनाई गई तथा श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति का गठन किया गया। जिसमें विनोद कुमार चौहान को अध्यक्ष, मदन सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवीन चौहान, अरुण गिरी को उपाध्यक्ष, रूपेश सिंह को महासचिव, राजन चौहान को कोषाध्यक्ष, हिमेंद्र प्रजापति को मीडिया प्रभारी, पुष्पेंद्र कुमार, शंकर चौहान, हिमांशु चौहान को सचिव, सचिन कुमार (मोनू), संचित कुमार, आशू कुमार, रोहित चौहान, कोमल कुमार को संरक्षक वेदप्रकाश प्रजापति, लोकेंद्र चौहान, नवनीत कुमार को सदस्य मनोनीत किया। वहीं महिला मोर्चा में मनोरमा चौहान को अध्यक्ष, आवेश प्रजापति को उपाध्यक्ष, नेहा को महासचिव, मुस्कान प्रजापति को सचिव नियुक्त किया गया।



बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन सिंह व संचालन महासचिव रूपेश सिंह ने किया।

# श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ



## नगर में निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में आज सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा नव दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें 251 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। धार्मिक उद्घोष से नगर का माहौल शिव में बना।

आज श्री सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का शुभारंभ कलश यात्रा नवदुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई कथा के मुख्य यजमान मुकेश गुप्ता पत्नी पायल गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 251 महिलाओं के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ कलश यात्रा नवदुर्गा मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा ऐंजसी चौराह, कालू की आढ़त, हलवाईयान, सब्जी मंडी, पंचायती मंदिर, चौधरियान, होलियान से होती हुई वैष्णो धर्मशाला में जाकर संपन्न कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। कलश यात्रा में घोड़े पर सवार भगवा झंडा लिए कलश यात्रा के अगवानी करते चल रहे थे तथा बैंड धार्मिक धुने बजाते चल रहे थे।

कलश यात्रा में बाबा मंलगदास, अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, मुकेश वर्मा, रतन सैनी, निश्चल त्यागी, पवन अग्रवाल, सुशांत गोयल, रमन गोयल, सुभाष सैनी, राकेश सैनी आदि पदाधिकारी का कार्यकर्ता चल रहे थे। कलश यात्रा के पीछे कथा व्यास पटियाला निवासी अश्वनी भास्कर महाराज रथ पर सवार थे। सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# न्यू हिंदू कॉलोनी में जलभराव से नाराजगी

## सड़क निर्माण कार्य रुकवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की न्यू हिंदू कॉलोनी इस समय जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है। लगातार हो रही बारिश और जल निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण कॉलोनी की गलियों और घरों में पानी भर गया है, जिससे न केवल लोगों को दैनिक आवागमन में कठिनाई हो रही है, बल्कि कई मकानों में सीलन और नमी के चलते दरारें भी पड़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



नगीना रोड स्थित कालिया वाले मंदिर के सामने गली में चल रहा सड़क निर्माण कार्य भी इस परेशानी की मुख्य वजह बन गया है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि निर्माणाधीन सड़क का लेवल ठीक नहीं रखा गया है, जिससे श्मशान घाट के पास सड़क नीची होने के कारण बारिश का सारा पानी कॉलोनी में भरने लगा है। पानी की निकासी न होने से यह जल लगातार जमा हो रहा है और घरों में घुसने लगा है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। पानी भरने से केवल चलना-फिरना ही नहीं, बल्कि लोगों के घरों की संरचना भी प्रभावित हो रही है और भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इसको लेकर स्थानीय लोग काफी डरे हुए हैं।

स्थिति से परेशान कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया और ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ विरोध जताया। उनका कहना है कि जब तक पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान कॉलोनी के पुरुषों और महिलाओं ने एक स्वर में लापरवाही के खिलाफ आवाज बुलंद की और निर्माण कार्य में गड़बड़ी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की।

मौके पर मौजूद ठेकेदार ने प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए कहा कि पहले जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाएगी, उसके बाद ही सड़क निर्माण दोबारा शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों में कॉलोनी की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और व्यापारी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

कॉलोनीवासियों ने यह भी सवाल उठाया कि क्या सड़क निर्माण से पहले निकासी व्यवस्था की जांच नहीं होती, और यदि होती है तो इतने गंभीर परिणाम क्यों सामने आ रहे हैं।

यह मामला नगर के विकास कार्यों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन अब जागेगा और स्थायी समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करेगा।

# रोते हुए बेटे के साथ पूर्व सभासद ने सोशल मीडिया पर सुनाई पीड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका के पूर्व सभासद मोहम्मद दानिश का एक भावुक वीडियो शनिवार देर रात इंटरनेट मीडिया पर सामने आया, जिसने नगर में सनसनी फैला दी है। वीडियो में दानिश अपने मासूम बेटे के साथ रोते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें उन्होंने अपने पिता और भाइयों पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न, धमकी, मारपीट और घर से बेदखल करने की कोशिश के गंभीर आरोप लगाए हैं।

वीडियो में दानिश ने स्पष्ट तौर पर बताया कि उनके पारिवारिक संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण चल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता और भाई लगातार उन्हें प्रताड़ित करते आ रहे हैं। कुछ समय पहले जब उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत थाने में की, तो उल्टा उनके भाइयों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उनका गला दबाने की कोशिश की।

## पिता व भाइयों पर लगाए गंभीर आरोप

दानिश का कहना है कि उनकी पत्नी इन दिनों मायके गई हुई है और इसी बीच परिजनों ने उन्हें अकेला पाकर मानसिक रूप से और अधिक परेशान करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके परिवार के लोग उनकी पत्नी के खिलाफ भी अभद्र और आपत्तिजनक बातें करते हैं।

यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही नगर में चर्चा का विषय बन गया। कई लोग वीडियो देखकर भावुक हो उठे और पूर्व सभासद के साथ हो रही कथित ज्यादती पर चिंता व्यक्त की। हालांकि, अब तक परिवार की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# पत्रकार राजपाल चौहान की बाइक चोरी

**नजीबाबाद।** पत्रकार राजपाल सिंह चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह प्रतिदिन सुबह को अपने प्रतिष्ठान के पास स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर पर सफाई व पूजा करने आते हैं। रविवार को भी वह सुबह पांच बजे मंदिर आए थे, इसी दौरान उनकी मंदिर के पास खड़ी बाइक संख्या यूपी 20बीएस-0843 चोरी हो गई। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में सारी घटना कैद हो गई है। लाल रंग की टी शर्ट पहने दो व्यक्ति बाइक को चोरी करके ले जाते हुए कैमरे में कैद हो गए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 58 यूनिट ब्लड डोनेशन का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली से जोनल इंचार्ज संजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में संत निरंकारी मिशन बहेड़ी ब्रांच द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 58 यूनिट रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम में बहेड़ी ब्रांच के संचालक महात्मा मंगल सेन, शिक्षक शंकर लाल और बहेड़ी ब्रांच के मुखी महात्मा गंगाराम मौर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संजीव अग्रवाल ने बताया संत निरंकारी मिशन द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करते हैं। मिशन का उद्देश्य मानव कल्याण के लिए रक्तदान को बढ़ावा देना और लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

संत निरंकारी मिशन ने अब तक देश भर में हजारों ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए हैं, और लाखों यूनिट रक्तदान किया है। मिशन की इस पहल का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।

# प्रधान पति ने दबंगों के साथ मजदूर को पीटा

■ **तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया मुक. दमा, मारपीट का वीडियो वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दमखोदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत ठिरिया नथमल के प्रधान पति सहूलत हुसैन उर्फ गुड्डू, रिफाकत हुसैन, शकावत हुसैन, निजाकत हुसैन, हिदायत हुसैन, एजाज अहमद ने एक साथ मिलकर मजदूर की पिटाई की थी। पिटाई का वायरल वीडियो में नीली टी शर्ट में प्रधान पति है।

वीडियो द्वारा पहचान होने पर भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मोहम्मद हारून की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है। घायल पीड़ित शरीफ अहमद अपनी मौत जिंदगी से एक निजी अस्पताल में जूझ रहा है। मोहम्मद हारून ने



बताया कि मेरी शादी तीन साल पहले गांव के ही रिफाकत हुसैन की पुत्री गुलिस्ता के साथ हुई थी।

गांव के ही किसी युवक ने अफवाह फैला दी कि मोहम्मद हारून के परिवार वालों ने आपकी लड़की गुलिस्ता के साथ मारपीट की है। सूचना मिलते ही मेरे ससुर अपने परिजानों के साथ लाठी डन्डे लेकर दौड़ पड़े, और उसी समय मेरे पिता शरीफ अहमद किसी काम से बहार जा रहे थे कि रास्ते में घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर गांव वाले घटना स्थल पर पहुंचे गये।

गांव वालों को देखकर उक्त लोग फरार हो गए। अब मेरे ससुर रिफाकत हुसैन का भाई प्रधान पति सहुलत हुसैन परिवार पर समझौते का दवाब बना रहा है, और धमकी दे रहा है कि पुलिस और बड़े नेताओं में मेरी बहुत पकड़ है। मुकदमा वापस नहीं लिया तो परिवार को गांव से पलायन करने को मजबूर कर देगा।

इन लोगों पर और भी मारपीट के मुकदमे प्रधान के खिलाफ चल रहे हैं। लोगों को धमका कर कहता है कि ऐसे न जाने कितने मुकदमे दर्ज हो जाएं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है । वीडियो के आधार व कुछ अन्य विन्दूओं पर जाँच की जा रही है। फिलहाल हिदायत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। गाँव से जानकारी मिली है कि इनकी पुरानी रंजिश का मामला है।

**संजय तोमर**
**कोतवाल बहेड़ी**

# महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में होगी महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा

■ **8,541 महिला मुख्य आरक्षी और 1,486 महिला उपनिरीक्षक को किया गया तैनात**

**शाह टाइम्स**
**( मो. इरफान मुनीम )**

**बरेली/लखनऊ।** योगी सरकार ने सावन माह में शिव भक्तों की आस्था के प्रतीक कांवड़ यात्रा को लेकर वृहद स्तर पर व्यवस्थाएं की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के रूट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 10 हजार से महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है। वहीं पुलिस विभाग की ओर से प्रदेश भर में कांवड़ यात्रा के लिए 66 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। इसमें महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हाल ही में कांवड़ यात्रा की उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से करीब 6 करोड़ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकते हैं, जो प्रदेश से होते हुए अपनी यात्रा पूरी करेंगे। इसमें 10-12 प्रतिशत यानी 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसपर बैठक में सीएम योगी के अधिकारियों को महिला केंद्रित सुरक्षा मॉडल को लागू करने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी के निर्देश पर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए 10 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है।

इसमें 8,541 महिला मुख्य आरक्षी और 1,486 महिला उपनि. रीक्षक शामिल हैं। इसके अलावा सीएम योगी के निर्देश पर इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल मौजूदगी सुनिश्चित की गयी है, जो न केवल सहायता देंगी, बल्कि संवेदनशील मामलों में परामर्श भी उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है। योगी सरकार की पहल प्रदेश में महिलाओं के निडर होकर कहीं भी आने-जाने की भावना का प्रदर्शित करता है।

## 24 घंटे हेल्पलाइन नंबरों पर भी उपलब्ध रहेंगी महिला पुलिसकर्मी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की सभी क्यूआरटी (क्यूक रिस्पांस टीम) में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। इसमें भी रात के समय सभी क्यूआरटी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती अनिवार्य की गयी है। साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर क्यूआरटी के गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि महिला श्रद्धालुओं समेत सभी श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्रदान की जा सके। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश में 11 जोन में बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम और 24X7 हेल्पलाइन नंबरों को भी महिला पुलिस कर्मियों के माध्यम से मॉनीटर किया जा रहा है। इन जोन में महिला श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई हैं। कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्गों में से मेरठ जोन में सबसे अधिक व्यवस्था की गई है। यहां 3,200 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जिलों में जगह-जगह महिला पुलिसकर्मी महिला श्रद्धालुओं की मदद के लिए तैनात की गयी हैं।

पुलिस ने बताया कि इस बार महिला पुलिसकर्मियों की प्रत्यक्ष मौजूदगी से महिलाओं को यात्रा के दौरान और अधिक आत्मविश्वास मिलेगा। वहीं ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी और सोशल मीडिया निगरानी जैसे डिजिटल उपायों से भी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है।

# धोखे से युवक को ले गए और जबरन शराब पिलाकर रेत में दबाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना कस्बे से सटी प्रभात नगर बस्ती की है।

**पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज**

आरोप है कि बस्ती के शब्बीर अहमद के पुत्र रुखसार को कस्बे की बस्ती कहारान के रहने वाले बंटी, सुमित उसे घर से बुलाकर ले गए थे। उन्होंने अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ मिलकर पहले जबरन रुखसार को शराब पिलाई, उसके बाद उसके साथ गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट की। आरोप है उसके बाद सभी ने रुखसार को नदी किनारे रेत में दवा दिया, और उसे मरा जानकर चले गए। किसी तरह घर पहुंचे रुखसार ने सारी घटना अपने परिजनों को बताई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जहां से उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेज दिया गया। पिता शब्बीर अहमद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मृतक के साथ मारपीट और रंगदारी मांगने वाले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छात्रा के साथ छेड़छाड करने के शक में आरोपी के साथ मारपीट करने वाले ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिव समेत छः लोगों के खिलाफ मृतक युवक के पिता ने थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी है। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपियों में हडकंप मच गया है ।

नगर से सटे एक गांव की रहने वाली एक छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के आरिश ने ब्लॉक के पास तीन दिन पहले सरेराह छेडछाड़ कर दी थी। आरोप है कि शक के आधार पर ब्लॉक परिसर में खड़े ग्राम पंचायत सचिव भगवत सरन गंगवार, शैलेन्द्र गंगवार, राजेश कश्यप उर्फ बब्लू, यशपाल, किसान नेता खेमकरन पंडा ने युवक की जाति पूछकर उसके साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया था। आरोप है कि आरोपियों ने छात्रा के भाई को बुलाकर आरोपी के साथ मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। साथ ही मीडिया में आरिश का नाम देने के नाम पर शैलेन्द्र गंगवार, राजेश कश्यप उर्फ बब्लू, यशपाल ने पीड़ित के पिता से पांच हजार रूपये हड़प लिये। साथ ही उन्होंने सीओ और कोतवाल को मिठाई के नाम पर पचास हजार रुपये की रंगदारी मांगने लगे। जब उन्होंने रूपये देने की अस्मर्थता जतायी तो उनको डराने धमकाने लगे। बाद में छेड़छाड के आरोपी आरिश ने घटना से आहत होकर घर पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया था, हालत बिगड़ने पर परि. जनों ने उसे महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे परेशान मृतक के पिता वली हसन ने ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिव भगवत सरन गंगवार, शैलेन्द्र गंगवार, राजेश कश्यप उर्फ बब्लू, यशपाल, किसान नेता खेमकरन पंडा, छात्रा के भाई अविन गंगवार व अज्ञात के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

# 31 जुलाई से शुरू होगा मामू मियां का सालाना उर्स, पोस्टर जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हजरत हामिद मियां उर्फ मामू मियां का सालाना तीन रोजा उर्स 31 जुलाई से शुरू होगा। उर्स का आगाज मुशायरे के प्रोग्राम के साथ होगा और एक अगस्त को इशा की नमाज के बाद तकरीर कार्यक्रम होगा। दो अगस्त को आखिरी कुल के साथ मामू मियां का उर्स सम्पन्न हो जाएगा।

हजरत हामिद मियां उर्फ मामू मियां के सालाना तीन रोजा उर्स का पोस्टर जारी कर दिया गया। 31 अगस्त को इशा की नमाज के बाद मुशायरा होगा, जिसमें 'दरे मामू मियां पे सदकए हसनैन बटता है' मिसरा पर शायर कलाम पेश करेंगे। एक अगस्त को इशा की नमाज के बाद तकरीरी कार्यक्रम होगा, और दो अगस्त को 1 बजकर 25 मिनट पर मामू मियां के आखिरी कुल की रस्म अदा की जाएगी। इसी दिन इशा की नमाज के बाद कव्वाली का प्रोग्राम भी होगा।



इस दौरान सज्जादा नशीन हाजी सलीम उर्फ नबाव मियां, सभासद ताहिर पप्पू, सलीम चन्दा, तस्कील मियां, सभासद वाजिद अंसारी, वाहिद खान आदि मौजूद शामिल रहे।

# कुंडरा में शहीद-ए-आजम कांफ्रेस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक दमखोदा के ग्राम पंचायत कुंडरा में शनिवार को हुसैनी कमेटी की तरफ से जिक्र ए शहीद-ए-आजम कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर के धार्मिक उलमा तशरीफ लाए, और उन्होंने इमाम हुसैन इब्ने अली अलैहिस्सलाम की जिंदगी से प्रेरणा लेते हुए समस्त क्षेत्र वासियों को अमन और शांति का पैगाम देते हुए जलसे को संपन्न किया।

धार्मिक उलमा में मुफ्ती गुलफाम रामपुरी व सैय्यद आमिर मसूदी बांद्रा, मोहसिन रजा बरेली, मोहम्मद अली फैजी, ताहिर रजा बांद्रा, इमरान रजा बरेली, मौलाना लईक रजवी ने तकरीरें पेश की। कार्यक्रम की



अध्यक्षता रफीक अहमद उर्फ कल्लू (बीडीसी) ने संभाली। इस दौरान सभी गांव वालों ने बाहर से आए सभी मेहमानों का सबीलें लगाकर तहे दिल से इस्तकबाल किया। इस दौरान हारून प्रधान, अफसर बीडीसी, डॉ. आरसी गंगवार, ज्वाला प्रसाद, एडवोकेट राजेंद्र, टीकाराम कश्यप, कमल सिंह, कृष्णागिरी, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र गंगवार, ग्राम प्रधान नूरी इस्लाम, शराफत खान, अफसार अहमद बीडीसी, रफीक अहमद, इस्लाम, मोहम्मद यूनुस, मुंताज अहमद, सरताज टेलर आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर थाना प्रभारी ने क्षेत्र में दौरा कर लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसको ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी देवरनियाँ आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा को लेकर मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। यात्रा मार्ग में पढ़ने वाले प्रमुख धार्मिक स्थलों, विश्राम स्थलों, जल वितरण केन्द्रों की समीक्षा के साथ ही विद्युत एवं साफ-सफाई के व्यवस्था की भी विस्तृत जानकारी की। कांवड़ यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना, अफवाह से



सतर्क रहने एवं सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के अपने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिए। शाह टाइम संवाददाता नरेश मिश्रा से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

# डीएम ने लीलौर झील के चल रहे पुनरोद्धार के कार्य का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रविवार को डीएम अविनाश सिंह ने आंवला तहसील में स्थित लीलौर झील के पुनरोद्धार के कार्य एवं पर्यावरणीय स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को झील की सफाई, जल स्तर बनाये रखने झील की स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण सुनिश्चित करने तथा विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरिक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि झील के सौन्दर्यकरण का जो भी कार्य रह गया है, उसे यथा शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पानी का स्रोत ऐसा बनाएं कि पानी पर्याप्त मात्रा में झील में रहे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि झील की गहराई सभी जगह उचित लेवल में नहीं है, जिसपर सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि झील की गहराई कि लेवलिंग कराई जाए, जिससे कि इसमें नाव या फिर बोट आदि चलाई जा सके।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आंवाला को निर्देश दिए गए कि झील को ऐसा आकर्षक बनाया जाए जिससे कि दूर दराज से लोग यहां पर लोग यहां घूम सकें और पर्यावरण को भी लाभ हो।

विद्युत विभाग को निर्देश दिए की झील के किनारे विद्युत संबंधी कार्य कराने से पहले बैरिकेडिंग कराई जाए, जिससे कि पशुओं आदि को करंट न लग सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी



प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

# एमजीएम के टीचर की विवादित बयानबाजी से भड़के हिंदू संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एमजीएम इंटर कॉलेज एक अध्यापक का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे छात्रों को कांवड़ नहीं लाने की सलाह दे रहे हैं। यह बयान उस समय आया है जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहे हैं।

अध्यापक की इस बयानबाजी पर विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि कुछ लोग इसे धर्म से जोड़कर देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि अध्यापक का काम छात्रों को ज्ञान देना है, न कि उन्हें धर्म से भ्रमित करना। जब गुरु ही धर्म को भ्रमित करने के मार्ग बताएंगे, तो छात्रों का क्या दोष होगा।

शिक्षकों की भूमिका छात्रों को सही ज्ञान और मूल्यों को प्रदान करना है। उन्हें छात्रों को स्वतंत्र और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षकों को अपने बयानों से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि उनके बयान छात्रों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने अध्यापक की बयानबाजी पर सवाल उठाए हैं। कुछ लोगों ने मांग की है कि अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जबकि अन्य लोगों ने अध्यापक के बयान का समर्थन किया है। अब देखना यह है कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।

# कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने बनाए सहायता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सरजू कट ,टोल और धनेटा,अगरास मोड़ पर पुलिस सहायता और चिकित्सा शि. विर बनाए गए है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के दूसरी तरफ के सभी ढाबों को रविवार व सोमवार बंद कर दिए।ताकि कांवड़िया कुछ खाने पीने के चक्कर में हादसे का शिकार होने से बच सके।

सीओ हाइवे नीलेश मिश्रा ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह के साथ झुमका से धनेटा तक कांवड़ियों के रूट को चेक करके पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है।पुलिस सहायता केंद्रों पर पीने के जल और आराम करने के लिए पंडाल की व्यवस्था कराई गई है।

# बहेड़ी में सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गरीबपुरा मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें होमगार्ड तेजपाल गंगवार की मौत हो गई। वह अपनी ससुराल गुलरिया से वापस अपने गांव तुरकुनिया लौट रहा था, तभी नदेली रोड स्थित गरीबपुरा मोड़ के निकट सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की टक्कर हो गई।

होमगार्ड तेजपाल गंगवार थाना शीशगढ़ क्षेत्र के गांव गुलरिया अपनी ससुराल गया हुआ था, और करीब 5:00 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। तभी समय करीब 6:00 बजे यह हादसा हुआ। टक्कर मारने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए। युवक अपने पीछे तीन बच्चों सहित पत्नी और परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया।

कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरो. पियों की तलाश में जुटी हुई है।

सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और लोगों की जान जा रही है। प्रशासन और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वालों पर बहेड़ी पुलिस की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने रविवार को ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। चेकिंग अभियान के दौरान शेरगढ़ चौराहे पर एक कार को पकड़कर सीज किया गया, जिसपर ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि इस कार की कई दिनों से तलाश थी, और आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।



कोतवाल संजय तोमर ने कहा कि बहेड़ी पुलिस लगातार ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वाले लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की सख्ती के बाद अब ऐसे वाहन सवार सावधान हो गए हैं जो ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाते थे। पुलिस ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# घरेलू कलह से परेशान मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की नीमगढ़ बस्ती के रहने वाले मजदूर संजीव शर्मा 42 वर्ष का आए दिन घर में विवाद होता रहता था। रविवार को उनका पुत्र अर्जुन शर्मा कांवड़ लेकर कछला गया था, उसे उन्होंने खुशी खुशी रवाना किया था। बताया जाता है कि दोपहर बाद उन्होंने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली, जिससे घर में को. हराम मच गया। सूचना पर बस्ती के लोग बड़ी संख्या में वहां जमा हो गए। घटना पर उनकी पत्नी पुष्पा शर्मा, पुत्री अदिति शर्मा और कशिश शर्मा का रो रो कर बुरा हाल है। सभासद सोनू राठौर, अनिल गुप्ता ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसपर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मजदूर संजीव शर्मा द्वारा आत्म हत्या किए जाने को लेकर बस्ती में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।



# वन विभाग ने खड़े किए हाथ तो ग्रामीणों ने जान पर खेल पकड़ा मगरमच्छ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के कस्बा सेंथल के रहने वाले शाह हसन जैदी का लाईखेड़ा गांव में तालाब है, जिसमें उन्होंने मछली पाल रखी है। इस तालाब में एक सप्ताह पूर्व एक मगरमच्छ आ गया था, जिसने तालाब की मछलियों को खा लिया। इसकी सूचना तालाब स्वामी ने वन विभाग को दी, लेकिन वन विभाग ने इस मामले में जब कोई कार्यवाही नहीं की तो मजबूर होकर तालाब स्वामी ने ग्राम के प्राइवेट लोगों धर्मवीर, गुड्डू, जीतू और अमित को बुलवाकर उस मगरमच्छ को पकड़वाया। बाद में इसे वन विभाग के हवाले कर दिया गया। वन विभाग की टीम ने उसे दोहा नदी में छोड़ दिया।



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# जरूरतमंद बच्चों को दी पढ़ाई की सामग्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ " अभियान के तहत काशीपुर मजरा के ग्राम में पठन सामग्री का वितरण किया गया साथ जरूरतमंद बच्चों को चप्पल कपड़े इत्यादि वित. रित किये गये। इसके अलावा सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीण महिलाओं को राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय सचिव समाज सेवी कंचन सक्सेना के द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से सरकार ने गरीब परिवारों के लिए राशन कार्ड, आवास योचना, फसल बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना कन्या धन योचना, आवास योजना आदि योजनाओं को क्रियान्वित किया है। साथ ही उन्होंने बेटी बेटो के समान रूप से पढ़ने पर जोर दिया समाज सेवा के इस कार्यक्रम में नगर पालि. का चेयरमैन सना खघन ने भी बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया साथ उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जोर दिया और महिलाओं को वस्त्र आदि वितरित किये।

मंडल प्रभारी विशाल गुप्ता ने भी ग्राम वासियों को जागरूक किया की गाँव के विकास के लिए सरकार की ओर से जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ ले। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी कंचन सक्सेना ने की प्रभारी समाज सेवी अनिता गुप्ता नगर सचिव और रेनू सक्सेना नगर उपाध्यक्ष व समाज सेवक जिला अध्यक्ष ले इक संजय शर्मा संयोजिका मंडल उपाध्यक्ष समाजसेवी गीता अरोड़ा एवं महामंत्री वीरांगना मांग. लिक निर्देशिन नगर अध्यक्ष दीपा गुप्ता एवं उपाध्यक्ष सीमा शर्मा ने किया।

समाज सेवी वेद आहुजा पाश्चिम क्षेत्र प्रभारी ( व्यापार उद्योग ) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे किसान आपनी फसल को मार्केट में सही दाम में बेच सकते हैं। समाज सेवी उपाध्यक्ष , विनय एवं तेजपाल जी नें शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए सभी को प्रेरित किया।

साथ सभी ने मिलकर ग्राम वासियों को प्रेरित किया कि वह अपनी फसल को सुरक्षित और बेहतर तरीके से विकसित करें सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें। वरिष्ठ कार्यकर्ता है राकेश गुप्ता और प्रवीण सक्सेना ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया।

इस अवसर पर ग्रामीण बच्चियों के द्वारा सस्कृति कार्यक्रम पेश किया गया।

ग्राम वासियों ने कार्यर्क्रम में सहयोग करने के लिए जागरूक परिवार को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय गान के साथ ने एक कार्यक्रम का समापन किया गया।

# वर्क फॉर कम्पैशन संस्था ने किया खिचड़ी और शर्बत का वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वर्क फॉर कम्पैशन संस्था ने रविवार को कहचरी रोड पर खिचड़ी और शर्बत का वितरण किया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह जितने भी हमारे वर्कर्स हैं यह वॉलिंटियर्स हैं हमारे वॉलिंटियर्स हिंदुस्तान में 200 से ज्यादा शहरों में काम करते हैं उन्होंने बताया कि हमारी संस्था एनवायरनमेंट के प्रोग्राम करते हैं।

लोगों के लिए जनता रसोई लगते हैं और ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाते है और इसके अलावा हमारी संस्था के लोगों ने अपनी बॉडी के ऑर्गन्स भी डोनेट करने की प्लेस ली है हम अगर इस दुनिया से जाएंगे तो हम अपने बॉडी के ऑर्गन्स किसी और को डोनेट करके जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब हर रविवार को शहर में जगह-जगह जनता रसोई लगाते है उन्होंने बताया हमारे इस्लाम में ये गाइडलाइन है कि भूखों को खाना खिलाया जाए। प्यासे को पानी पिलाया जाए गरीबों की मदद की जाए। हमारे वॉलिंटियर्स सारे जिलों में यही काम कर रहे हैं इन्होंने बताया कि हमारा पूजा एक परमेश्वर हमारी जाति मानव परिवार हमारा सपना अखंड भारत हमारा गौरव हिंदुस्तान और हमारा संकल्प युग परिवर्तन है इस संसार मे जितने लोग आए है और जितने चले गए सब आपस मे भाई भाई है हमारा सपना अखंड भारत है भारत जो टुकड़ो में बट गया है नफरतों के आधार पर हम चाहते है आपस मे प्रेम हो। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद तारिक एवं कार्यकर्ता नसीम अहमद,अकरम, जुनैद, फैजी, डॉ. उमर मोइन, खिजर, मकसूद आदि मौजूद रहे।

# सैयद नसीम मियां बने शाहबाद के सांसद प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी द्वारा शाहबाद निवासी सय्यद नसीम मियां को शाहबाद नगर से सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बताया गया कि उनकी गैर मौजूदगी में वह संसद का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा नगर पंचायत शाहाबाद में होने वाली बैठकों में भी वह संसद की अनुपस्थिति में प्रति. निधि होने के नाते बैठकों में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर सैय्यद नसीम मियां ने कहां की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उसे पूरी



ईमानदारी के साथ निभाऊंगा तथा नगर के लोगों की बात सांसद तक पहुंच जाऊंगा तथा उनकी अनुपस्थिति में लोगों की सहायता करूंगा। इस मौके पर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर,नरेश यादव दिनेश यादव महबूब अली पाशा अरशद अली पाशा, हाफिज नूरी जमील अहमद आसिफ अली तहजीब मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# मरकजी दर्शगाह ए इस्लामी में लगा फ्री मेडिकल शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को मरकजी दर्शगाह ए इस्लामी रामपुर में मरीज का फ्री कैंप लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद मोहिबुल्लाह नदवी रहे प्रोग्राम की अध्यक्षता प्रिंसिपल अब्दुल सलाम व संचालन नदीम ने किया। फ्री कैंप में महिलाएं काफी संख्या में आई डॉक्टरों द्वारा मरीज को फ्री में चेकअप इलाज व दवाइयां दी गई।



इस दौरान सांसद मोहिबुल्लाह नजवी ने कहा कि हमारा जिला स्वास्थ्य के संबंध में काफी पिछड़ा हुआ है जिले में अच्छे अस्पताल जैसे मेडिकल कॉलेज व एम्स की जरूरत है गंभीर बीमारी होने पर मरीज को दिल्ली जाना पड़ता है।

इस संबंध में मैंने पार्लियामेंट में भी मांग उठाई थी और स्वास्थ्य मंत्री जी को भी लिखित में पत्र दिया था। सरकार स्कूलों को भी मर्ज करके गरीब बच्चों के हक सरकार छीना चाहती है जबकि संविधान में शिक्षा अधिकार दिया गया है गरीब बचे भी शिक्ष पाने के हकदार हैं गरीब बच्चों में से ही तमाम बच्चे सरकारी स्कूलों पढ़ लिखकर आई एस व आईपीएस अफसर बनते है। जब सरकार सरक. ारी स्कूल बंद कर देगी तब गरीबों के बच्चे कैसे पढ़ेंगे। सांसद नदवी दोपहर के समय कस्बा टांडा में गए और कस्बे टांडे में व्यापारियों व दुकानदारों के साथ मीटिंग की तथा दुकानदारों को पूरा भरोसा दिलाया कि आपके ऊपर जिस तरह से जिला प्रशासन गलत तरीके से आपकी दुकानों को तोड़कर आपको उजाड़ने में लगा हुआ है मैं आपकी मांग को पार्लियामेंट में उठाऊंगा और जरूरत पड़ी तो कोर्ट में भी जाएंगे। टांडा के व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा बताया गया कि हमारी दुकान सन 1908 से बनी हुई है तब किसी तरह की चकबंदी भी नहीं हुई थी हमारे पास दुकानों से संबंधित कागजात हैं। इस मौके पर मास्टर सगीर अहमद, मोहम्मद वकील, तस्लीम पहलवान, हाजी मुशर्रफ, सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, आसिफ अली, जुबेर अहमद, जमील सैफी, कलवे अली, बदन सिंह यादव, शोएब, नरेश यादव, राम बहादुर सिंह दिवाकर, डॉक्टर मकतब अहमद, हाफिज नूरी, अरशद अली एडवोकेट, नासिर शेख, नसीम मियां आदि उपस्थित रहे,

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने नगर पंचायत शाहाबाद में अपना प्रतिनिधि नसीम मियां को नियुक्त किया जो नगर पालिका की बोर्ड की मीटिंग में शामिल होंगे और नगर पालिका शाहाबाद की हर समस्या का हल कराएंगे।

# सैफनी में भाजपा की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक नगर पंचायत सैफनी स्थित भाजपा नेता बृजेश जोशी के प्रतिष्ठान पर बूथ समिति सत्यापन को लेकर की गई। बैठक मे विभिन्न बूथों के बूथ अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श कर सत्यापन किया गया एवं अगठित बूथों को सर्व सम्मति से गठित किया गया और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष ठा.नरेंद्र सिंह ने की एवं मुख्य रुप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह, महामंत्री विमल जोशी, फौजी सुशील जोशी, शोभित शर्मा,भगवान स्वरूप सैनी, सत्यम ठाकुर, रितेश सक्सैना, चौधरी सतवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दीवार पर दिखी मंदिर की छवि, लोगों ने माना चमत्कार, आरम्भ किया पूजा पाठ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर में रविवार की सुबह सात बजे राम बहादुर के घर की एक दीवार पर अचानक मंदिर की स्पष्ट छवि उभर आई। इस मंदिर की छवि को स्थानीय लोगों ने चमत्कार मानते हुए उत्साह के साथ पूजा-पाठ शुरू कर दिया।राम बहादुर के परिजनों ने बताया कि सुबह जब उन्होंने दीवार पर मंदिर की छवि देखी, तो वे आश्चर्यचकित रह गए। धीरे-धीरे यह खबर आसपास के क्षेत्र में फैल गई, और लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचने लगे। स्थानीय महिलाओं ने ढोलक की थाप पर भजन-कीर्तन शुरू किए और माहौल भक्तिमय हो गया। राम बहादुर के परिजनों ने बताया यह ईश्वर का चमत्कार है। ऐसी घटना पहली बार देखी है।हमने सभी इस पवित्र छवि के दर्शन किए हैं। वहीं, कुछ लोगों ने इसे शुभ संकेत मानते हुए दीवार के सामने दीप जलाए और फूल भी चढ़ाकर पूजा पाठ कर रहे है ।

# कोसी नदी में कूदी युवती 17 घंटे बाद सकुशल मिली, परिजनों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शनिवार को कोसी नदी में कूदी युवती रविवार सुबह करीब 17 घंटे बाद सकुशल मिल गई। युवती को पांच किलोमीटर दूर नदी किनारे बेहोशी की हालत में पाया गया, जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया। परि. जनों ने राहत की सांस ली और युवती के सुरक्षित मिलने पर घर में खुशी की लहर दौड़ गई। घटना शनिवार की है। टांडा बंजारा मोहल्ला निवासी बलवीर सिंह की 28 वर्षीय पुत्री अंजू ने कोसी नदी पुल पर अपनी स्कूटी खड़ी कर नदी में छलांग लगा दी। उसी समय काशीपुर की ओर से आ रहे कुछ युवकों ने उसे छलांग लगाते देखा और बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के चलते युवती बह गई और नजरों से ओझल हो गई। स्कूटी में रखे बैग से मिले आधार कार्ड के जरिए युवती की पहचान हुई। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची और देर शाम तक खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह करीब 6 बजे मसवासी क्षेत्र स्थित कोसी पुल से पांच किलोमीटर दूर बाबा नीम करौली स्टोन क्रेशर के कुछ कर्मचारी शौच के लिए नदी किनारे गए थे। वहीं उन्होंने एक बेहा. ेश युवती को देखा और तुरंत उसे स्टोन क्रेशर परिसर में लाया गया। छानबीन के बाद जब परिजनों को सूचना मिली, तो वे मौके पर पहुंचे और युवती को सकुशल पाया। जैसे ही यह खबर फैली, युवती के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने पुलिस को भी युवती के मिलने की सूचना दे दी है। चौकी प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया की युवती बरामद हो गई है और उसके बयान दर्ज किए गए हैं।

# बब्बरपुरी में चोरों का आतंक घर स्वामी के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांवो चोरों ने आतंक मचा रखा ग्रामीण रात रात भर जागकर पहरी दारी कर रहे है कभी इस गांव मे हल्ला मचता तो कभी दूसरे गांव शोर गुल होने लगता लेकिन फिर भी चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है कोतवाली क्षेत्र के गांव बब्बरपुरी में शनिवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के करीब चोरों से गांव के ही एक युवक की भिड़ंत हो गई शोर गुल सुनकर चोर फरार हो गए सद्दाम पुत्र अरमान शाह का बब्बरपुरी मे गांव बहारी छोर पर उसका घर है रात करीब दस ग्यारह बजे सद्दाम की दीवार के सहारे चोर घर मे घुसने का प्रयास कर रहा तभी सद्दाम ने अपनी छत से देखा कि चोर उसके घर मे घुसने का प्रयास कर रहा है। सद्दाम ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया दोनो मे छीन झपट होने वही गन्ने के खेत मे छिपे दो लोग ओर आ गये ओर सद्दाम के साथ मारपीट करने लगे शोर गुल सुनकर गांव लोग जब सद्दाम के घर की ओर भागे तो गांव वालो को आता देख सद्दाम को छोड़कर तीनों लोग फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस व गांव के लोगो ने चोरों को काफी तलाश



किया लेकिन चोरों का कोई सुराग नही लगा चोर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने मे कामयाब हो गए।

# धूमधाम से मनाई महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती

■ **नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रजापति समाज द्वारा महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रजापति समाज के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष व विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। विष्णु विहार कॉलोनी स्थित डॉक्टर गंगाराम प्रजापति के आवास पर महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम से मनाई गई। जनपद के अलावा दूर दराज से प्रजापति समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सर्वप्रथम महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष नवनिर्वाचित प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति एवं विश्व हिंदू महासंघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रजापति समाज के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति का सभी ने फूलमालाएं एवं गमछा पहनकर स्वागत किया। स्वागत के इस क्रम में समाज से जुड़े ग्राम प्रधान, सभापति, सभासद एवं विभिन्न पदों पर विराजमान सदस्यों का गमछा और फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष ने समाज को एकजुट रहने की।

अपील की। विश्व हिन्दू महासंघ के नगर अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आदित्य प्रकाश, ग्राम प्रधान कुंव. रपाल प्रजापति, रमेश कुमार प्रजा. पति, सभासद पति संजू बाबा, बजरंग दल के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष देवी लाल प्रजापति, नामित सभासद चिरंजी लाल प्रजा. पति, मुरारी लाल प्रजापति, सुरेश बाबू प्रजापति, पातीराम प्रजापति, खेमसिंह प्रजापति रामौतार प्रजा. पति, दिनेश कुमार प्रजापति रहे। कार्यक्रम का संचालन लाल सिंह प्रजापति ने किया।

# बेटे को लेने आए युवक ने साथियों के साथ मिलकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार की सुबह हरियाणा से चार युवकों ने जयतोली में आकर दो परिवारों के साथ मारपीट की। आवाज सुनकर आस पास के पड़ोसी भी आ गए पड़ोसी को पीटता देख उन्होंने भी मारपीट शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जयतोली गांव में रविवार को हरियाणा निवासी इशिका की महिला ने बताया कि वह जयतोली गांव के रहने वाले रतिपाल के साथ लगभग 6 माह पहले आ गई थी। उसका पहले पति से रतिपाल का विवाद चल रहा है। इशिका के अनुसार रविवार हरियाणा के यमुनानगर के जगादरी निवासी इशिका का पहला पति राहुल, उसका मित्र रोहित, राजू और शिवम् जयतोली गांव पहुंचे। आरोप है कि इन सभी ने भूलवश रतिपाल के घर की जगह इनके पड़ोसी



रामगोपाल का दरवाजा खटखटाया। दरवा. जा खुलते ही चारों युवक हमलावर हो गए और मारपीट शुरू कर दी। इसमें रामगोपाल के बेटा अर्जुन, उनकी पत्नी प्रीति और बेटी सोनम घायल हो गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर रतिपाल और इशिका मौके पहुंच गए। रतिपाल का आरोप है कि चारों ने उनको देख तुरंत मारपीट शुरू कर दी घटना के दौरान चीख पुकार मच गई। इसके बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। मौके पर मारपीट के दौरान ग्रामीणों ने चारों युवकों की घेराबंदी करके उनके हाथ बांध दिए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चारों युवकों को ग्रामीणों से छुड़ाया। पकड़े गए हरियाणा निवासी राहुल ने बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी इशिका से हुई थी। उसको जतोली निवासी युवक रतिपाल अपने गांव ले आया था। इशिका अपने साथ राहुल का बेटा हर्ष साथ ले आई थी। राहुल ने बताया कि वह अपने बेटे हर्ष को लेने के लिए अपने तीन दोस्तों के संग जयतोली गांव पूछते-पूछते पहुँच गया था। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। मारपीट में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद इलाज के लिए भेज दिया गया।

पुलिस ने दोनों की तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया है आगे जांच जारी है।
**प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत**

# सड़क हादसे में किशोर घायल




**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को सड़क हादसे में एक किशोर घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार गांव भूडासी निवासी 13 वर्षीय किशोर पुनीत पुत्र दलपत सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

# रामपुर का पहला प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के शाहबाद ब्लॉक के ग्राम ढकिया के सरस्वती शिशु मन्दिर मे प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। प्रथम सत्र संगठन मंत्री रमेश ने लिया मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला द्वितीय सत्र पर कार्य पद्धति पर जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद दिवाकर एवं तृतीय सत्र जिला कोषाध्यक्ष रामवीर ने संगठन की रीती नीति पर प्रकाश डाला एवं भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री जितेंद्र सिंह ने किसानों को उद्बोधन प्राप्त हुआ। मंच का संच. ालन मिंटू तिवारी ने किया एवं अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने की चौथा सत्र समापन किया। सभी किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा संगठन ही सर्वोपरि है संगठन के आधार पर सभी कार्यकर्ताओं को चलना चाहिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। हितेश कुमार, अनमोल राणा, मिंटू तिवारी, कुलद. ीप, नरेश पाठक, ब्लाक कार्यकारिणी एवं ग्राम समिति के अध्यक्ष ग्राम समिति के मंत्री उपस्थित रहे।

# राजू सागर बने बसपा के चमरौआ विधानसभा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को मुरादाबाद मंडल की मीटिंग हुई जिसमें राजू सागर को चमरौआ विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त कियाा गया। बता दें कि पशिचमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व एमएलसी नौशाद



अली एवं पशिचमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सूरज सिंह सागर साहब और मुरादाबाद मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी डॉ रणविजय सिंह व मुरादाबाद मंडल प्रभारी गजेंद्र सिंह के आदेशानुसार बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने राजू सागर पुत्र नन्हे निवासी ग्राम किशनपुर अटरिया विधानसभा चमरौआ क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

# मेडिकल कैम्प में 655 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन और संकल्प मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बरेली के सहयोग से दोमेहला रोड स्थित मरकजी दर्सगाहे इस्लामी में एक भव्य नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में दिल, दिमाग, नसों, किडनी, मूत्र रोग तथा जनरल फिजीशियन जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लगभग 655 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण किया और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। इस अवसर के मुख्य अतिथि सांसद मौलाना मुहिब्बुल्लाह नदवी थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर मास्टर अलीम वारसी साहब (उस्तादुल असातिजा) और डा. शुएब रजा खान ( असिस्टेंट डायरेक्टर एन.आई. ओ.एस) ने भी शिरकत की।



दिल्ली और सम्भल से ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन की टीम आरिफ साहब (सीनियर मैनेजर, एचडब्ल्यूएफ नई दिल्ली), आसिफ (मैनेजर, एचडब्ल्यूएफ), और अबूजर, इसके अलावा अब्दुस्सलाम बस्तावी ने भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।

रामपुर से ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन की स्थानीय टीम अनस नदीम अलीग, हस्सानुद्दीन खघन नदवी, काशिफ खघन, फैसल जफर, आदि ने इस कैंप के शानदार आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।

यह मेडिकल कैंप हर साल आयोजित किया जाता है और आगे भी इसी तरह के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगते रहेंगे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचे।

# सावन का पहला सोमवार आज, भगवान शिव का होगा जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**अमरोहा/गजरौला।** सावन माह के पहले सोमवार को आज के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करके अपनी जीवन की मंगल कामना मांगेंगे। शिवशंकर भोलेनाथ को खुश करने के लिए श्रद्धालु शिवलिंग पर दूध, जल, गंगाजल, धतूरा, आक, दही, बेलपत्र, गन्ने का रस, फल, फूल आदि चढ़ाकर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान शिव मंदिरों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

हरिद्वार व ब्रजघाट से जल भरकर ले जा रहे कांवड़िए भी भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। अमरोहा के वासुदेव तीर्थ सहित गजरौला के चाकीखेड़ा मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी ज्यादा संख्या देखने को मिली। इनके अतिरिक्त अन्य सभी शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। पुलिस ने मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु रविवार की शाम को ही ड्यूटी लगा दी थी।



सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने चाकीखेड़ा मंदिर का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम देखे और अधीनस्थों को उचित दिशा निर्देश दिए। पौराणिक कथा के मुताबिक इस माह में भगवान शिव की कृपा बरसती है। सावन के सोमवारों को श्रद्धालु उपवास भी रखते हैं और फलाहार आदि ग्रहण करते हैं।

## श्रद्धा के साथ मंदिरों में जल चढ़ाएंगे भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सावन के पहले सोमवार को लेकर भोले के भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। शिवालयों को जलाभिषेक के लिये सजा दिया गया है। भोले के भक्त रविवार की सांय तक अपनी मंजिल पर पहुंचे गये है।

कल(आज) सावन को पहला सोमवार है। जिसे लेकर भोले के भक्तों में उत्साह का संचार साफ दिखाई दे रहा है। वह इस दिन पूरी श्रद्धा के साथ शिवालयों में जल चढ़ाकर भोले बाबा की भक्ति में लीन रहते है। पुरूषों के साथ महिलाओं में अपार उत्साह देखा गया है। सावन के सोमवार को भक्तों में विशेष महत्व है। बताया जाता है कि इस दिन जो भी भक्त पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ शिव परिवार की पूजा अर्चना करता है उसकी मुराद पूरी होती है। यही कारण है कि पिछले कई दिन से हरिद्वार व अन्य स्थानों से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों के जत्थे नाचते गाते अपनी मंजिल की तरफ कदम बढ़ा रहे है। हर कोई भगवान शंकर की भक्ति में डूबा दिखाई दे रहा है। नगर के वासुदेव तीर्थ पर बड़ी संख्या में भोले नाथ के भक्त सोमवार को जल चढ़ाकर मन्नतें मांगें। प्रबंध समिति ने भी तैयारी कर ली है। धार्मिक धुनें दूर तक सुनाई दे रही हैं।

# भरी पंचायत में ग्रामीण को पीटा

**आरोप**
जाति सूचक शब्दों से किया अपमानित, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में भरी पंचायत बुलाकर एक ग्रामीण पर आवारा पशु छोड़ने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। आरोप है कि उसे गांव छोड़ने तक की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पूरा मामला थाना क्षेत्र के गांव रायपुर शुमाली का है। घटना 08 जुलाई की है। यहां के रहने वाले राजकुमार पुत्र बलवीर सिंह का आरोप है कि उसे गांव का चौकीदार बुलाकर पंचायत में ले गया। वहां पर गांव के लोगों ने राजकुमार पर आवारा पशु छोड़ने का आरोप लगाया जबकि उसने पशु नहीं छोड़े थे। राजकुमार से पंचायत में बैठे लोगों ने कहा कि वह स्वीकार कर ले कि उसने ही पशु छोड़े हैं, मगर राजकुमार ने मना किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और गांव छोड़कर जाने को कहा। राजकुमार ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दो भाईयों नितिन व भूपेन्द्र समेत उमेश और ओमप्रकाश निवासीगण रायपुर शुमाली के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंजिल की ओर बढ़ते नजर आए कांवड़िये

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये रविवार को कांवड़ियों ने ब्रजघाट स्थित पतित पावनी गंगा से जल भरकर अपनी मंजिल की ओर प्रस्थान किया। वहीं डाक कांवड़े भी काफी संख्या में निकलीं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

**डाक कांवड़ों की संख्या भी काफी रही**

सावन माह का पहला सोमवार आज 14 जुलाई को है। हरिद्वार व ब्रजघाट से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालु शाम तक शिव मंदिरों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। पैदल पैदल कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं के साथ साथ रविवार को डाक कांवड़ों की काफी संख्या देखने को मिली। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। हाइवे पर एक लेन को कांवड़ियों के लिये रिजर्व किया गया है। जगह जगह पुलिस की पिकेट भी लगाई गई हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने हाइवे पर कई बार भ्रमण करके कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



**वन वे ट्रैफिक के दौरान हुआ हादसा, उत्तराखंड के करोली धाम जा रहे थे**

# हाइवे पर भिड़ीं कारें, पांच दोस्त घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** उत्तराखंड के करोली धाम जा रहे किसान सवार पांच दोस्त सड़क हादसे में घायल हो गये। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह हादसे हाइवे पर वनवे ट्रैफिक व्यवस्था के दौरान हुआ। काफी देर तक जाम के हालात भी बने रहे। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ देर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मामले में हादसा अंजाम देने वाली कार के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मध्यरात्रि यह हादसा करीब तीन बजे हुआ। हापुड़ शहर की इंद्रलोक कॉलोनी निवासी अनुज सिंह अपने दोस्त आशीष, आशुतोष, रोहित व प्रियांशु के साथ वैगनआर कार में सवार होकर उत्तराखंड के करौली धाम जा रहा था। कार खुद अनुज चला रहा था। वहीं, कांवड़ यात्रा के मद्देनजर अमरोहा पुलिस ने हाईवे पर रूट डायवर्जन कर रखा था। दोनों लेन के वाहनों को वनवे प्लान के तहत पास कराया जा रहा था। एफआईआर के मुताबिक जोया फ्लाईओवर से गुजरते समय मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने वैगनआर में टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि वैगनआर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि उसमें सवार अनुज, आशीष, आशुतोष, रोहित व प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों वाहनों के सड़क के बीचोबीच खड़े होने से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे घायल युवकों को बाहर निकालते हुए जोया सीएचसी भर्ती कराया तथा बाद में दोनों कारों को सड़क से हटाते हुए बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में अर्टिगा के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही

## एक नजर

### स्टंटबाजी करने वाले दो युवकों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे पर दो ट्रैक्टरों को रस्सी से बांधकर खींचते हुए स्टंट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना तब सामने आई जब स्टंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसमें ट्रैक्टर चालक एक्सप्रेसवे पर अपनी शताकतश का प्रदर्शन करते दिख रहे थे।पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान हेम सिंह पुत्र लेखराज और ओम दत्त पुत्र मलखे के रूप में हुई है। दोनों हसनपुर थाना क्षेत्र के लठीरा गांव के निवासी हैं। उन्हें संबंधित ट्रैक्टरों सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में चालान किया गया है। यह घटना एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक सड़कों पर खतरनाक स्टंट के बढ़ते चलन पर चिंता बढ़ाती है। पुलिस ने लोगों से ऐसी गतिविधियों से बचने की अपील की है। जो न केवल उनके लिए बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी खतरा पैदा कर सकती हैं।

### तेंदुए को देख ग्रामीणों के उड़े होश

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** तेंदुए ने अब डिडौली क्षेत्र के गांव चुबका में सेह को अपना निवाला बनाया है। शिकार के पीछे तेंदुए को दौड़ते देख खेत से लौट रहे ग्रामीण सहम गए। शोर मचाने पर तेंदुआ खेत में घुसने के बाद ओझल हो गया। वहीं, जंगल में तेंदुआ दिखने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन है। वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले तेंदुए ने शहरी आबादी में दस्तक दी थी। कांठ रोड स्थित मोहल्ला अहमदनगर से सटे एक बाग में घास चरते समय एक बछिया का शिकार किया था। तलाश के बीच बाग से कुछ दूरी पर बछिया के अवशेष पड़े हुए मिले थे। अब इसी बीच शनिवार शाम डिडौली क्षेत्र के गांव चुबका के जंगल में तेंदुए को एक सेह का शिकार करते हुए देखा गया। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम गांव निवासी बृह्मपाल सिंह, बंटी, पप्पू, अनूप सिंह, ब्रिंदेश अपने-अपने खेतों से लौट रहे थे। उसी दौरान उन्होंने तेंदुआ को देखा जो एक सेह के पीछे दौड़ रहा था। तेंदुआ देख सभी लोगों के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन कॉल कर गांव में ग्रामीणों को इसकी सूचना दे दी। थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथों में लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ जमा होने तथा शोर मचने पर तेंदुआ शिकार वहीं छोड़ कर खेतों की ओर भाग निकला। ग्रामीणों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन तेंदुआ नजरों के सामने से गायब हो चुका था। जंगल में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। उनका कहना है कि तेंदुआ को क्षेत्र में लगातार देखा जा रहा है लेकिन इसके बावजूद वन विभाग को तेंदुए को पकड़ने को लेकर गंभीर नहीं है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले भी तेंदुए ने पास के गांव शेखूपुर गुर्जर गांव में किसान कलुआ के आंगन में बंधे मवेशी को शिकार बनाया था। ग्रामीणों ने अब फिर वन विभाग को सूचना देते हुए जंगल में पिंजरा लगाने की मांग की है।

### कुछ देर की बारिश से सड़कों पर भरा पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कुछ देर की बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। जिससे आने जाने में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि मौसम वर्षा के बाद सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। सांय के समय अचानक आसमान में काली घटनाएं छा गई। करीब छह बजे आसमान से बूंदाबांदी को दौर शुरू हो गया। कुछ ही देर में तेज बारिश का रूप ले लिया। कुछ देर के लिये पड़ी तेज वर्षा के कारण शहर की कई सड़कों पर पानी जमा हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कत हुई। शहर के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को बारिश के दिनों में भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। हालत यह है कि वर्षा रूकने के बाद भी काफी देर तक रास्ते पर पानी जमा हो जाता है। जिससे वह घरों में कैद हो जाते है। यदि किसी काम से बाहर आना भी पड़ता है तो वर्षा के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। उधर वर्षा से मौसम का मिजाज भी बदल दिया। सारा दिन पड़ी तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। सभी ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। आसमान में काली घटनाएं छाई थी। बीते दिन भी इस समय बूंदाबांदी हुई थी।

# हाइवे पर छोटे वाहनों की लगी लंबी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कांवड़ियों की सुरक्षा के चलते हाइवे की एक लेन को कांवड़ियों के लिये तो वहीं दूसरी लेन को छोटे वाहनों के लिये रिजर्व किया गया है। रविवार को छोटे वाहनों को ओसीता जगदेवपुर के अंडरपास से निकालने के कारण लंबी कतार लग गई और छोटे वाहन रेंगते रहे। व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये पुलिस को भी काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

बता दें कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये एक लेन को कांवड़ियों के पैदल चलने और कांवड़ वाहनों के आने जाने के लिये सुरक्षित किया गया है, जबकि एक लेन में छोटे वाहनों को चलाया जा रहा है। रविवार को ब्रजघाट से ओसीता जगदेवपुर के अंडरपास से वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने अंडरपास से वाहन निकाले, घंटो तक वाहनों के रेंगने की स्थिति बनी रही। पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सावन के पहले सोमवार पर कांवड़ियों व डाक कांवड़ो की भीड़ अत्यधिक नहीं रही, इस कारण पुलिस ने छोटे वाहनों को एक लेन पर चलने की अनुमति दी, अन्यथा आने वाले दिनों में जब कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होगी तो रूट डायवर्जन और जीरो ट्रैफिक की व्यवस्था भी लागू की जाएगी।

**पुलिस ने अण्डरपास से निकाले वाहन**



# महफूज मगर यहां कोई सर भी नहीं है....



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के तत्वाधान में 'बहुभाषी कवि सम्मेलन' में देश के ख्यातिप्राप्त कवि व कवयित्रियों ने अपने रचनापाठ से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। विवि के श्री रविन्द्रनाथ टैगोर सभागार में आयोजित कवि सम्मेलन में सरस्वती वंदना के बाद सबसे पहले पंजाब की विख्यात कवियत्री जसप्रीत कौर ''फलक'' ने कहा कि, 'इह धरती मुस्काई है, कि सावन आ गया लग्दै है। झड़ी बादला ने लाई है, कि सावन आ गया लग्दै है।' मंच संचालक ओज के कवि राहुल अवस्थी ने 'गुरू गोविन्द सिंह का गौरव, सिखों आप फिजूलो मत। हनी सिंह को याद करो, पर भगत सिंह को भूलो मत।' पंक्तियां सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम संयोजक एवं विख्यात कवियत्री परविन्दर कौर बेदी ने अपनी पंक्तिया 'कुछ नाग महक दे बेहडे विच कुंडलिया मारे बैढे नी। कुछ फनिहर, पनिहर, बिसिहर, कुछ इच्छाधारी बैढे नी।' सुनाकर आदमी की फितरत बयां की। ओज एवं प्रेम के कवि डॉ.चेतन आनन्द ने अपनी पक्तियां 'वेखो जी मैं अज्ज नवें अंदाज दे पंछी छड्डे ने,खामोशी दे अम्बर तक आवाज दे पंछी छड्डे ने। हुण अइनां दी किस्मत वे ए जिन्नी दूर दूर जावण, मैं ते कोरे वरके ते अल्फाज दे पंछी छड्डे ने।' सुनाकर तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश पंजाबी आकदमी की निदेशक एंव वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमवती उपाध्याय ने पढा कि, 'आज तेरा सितारा गगन चूमता, विश्व करता तुझे हाथ जोडकर नमन। क्या पता कल विभा साथ दे या ना दे, इन सितारो का कोई भरोसा नहीं।' केन्द्रीय हिन्दी संस्थान भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो. उमा. पति दीक्षित ने कहा, 'हैरत है किसी हाथ में पत्थर भी नहीं है। महफूज मगर यहां कोई सर भी नहीं है।' मुख्य अतिथि एवं विख्यात साहित्यकार सरदार भूपेन्द्र सिंह भूल्लर ने शानदार आयोजन के लिए श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश, पंजाबी अकादमी लखनऊ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को गुरुगोविन्द सिंह, सरदार भगत सिंह के बलिदानो की याद दिलाकर उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करेंगे''। विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कवि एवं कवयित्रियों को सम्मानित किया और कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर इस अवसर पर कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डॉ.राजेश सिंह, डॉ. सुमन कश्यप, डॉ.अंजलि भारद्वाज, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ.दीक्षा, डॉ. टीपी सिंह, डॉ.राजवर्द्धन सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ.एसएन साहू, डारेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ.ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्वनी सक्सेना, डॉ.स्नेहलता, डॉ.अनिल जायसवाल, डॉ. योगेश्वर, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाब में तैरता मिला युवक का शव

## पुलिस ने पीएम को भेजा, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** घर से फरार युवक का शव दरगाह शाहविलायत के नजदीक तालाब में तैरता मिला। परिजन बीमारी से मौत का कारण बता रहे हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

शहर के मोहल्ला कैलसा बाईपास पर मोहम्मद आलम उर्फ छोटे का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटे तथा एक बेटी हैं। उनका सबसे बड़ा 30 वर्षीय बेटा मोहम्मद शाहनवाज पेशे से ड्राइवर था। पुलिस के मुताबिक उसकी शादी हो चुकी थी लेकिन विवाद होने पर पत्नी से तलाक हो गया था। मंगलवार शाम शाहनवाज दरगाह शाहविलायत जाने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों ने काफी तलाश किया था लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पूछने पर लोगों ने मंगलवार शाम उसे दरगाह परिसर में टहलते हुए देखने की बात कही। लिहाजा, कहीं कुछ पता नहीं चलने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। इसी बीच रविवार दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने दरगाह के पास स्थित एक तालाब में एक युवक का शव उतराता देखा। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जिसकी शिनाख्त 35 वर्षीय मोहम्मद शाहनवाज की शक्ल में हुई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर आ गए। शव को देख कोहराम मच गया, परिजन रोने-बिलखने लगे। हालांकि, परिजनों की ओर से किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है लेकिन पारिवारिक विवाद पुलिस से साझा किया है। वहीं, बताया जा रहा है कि शाहनवाज कुछ समय से थोड़ा बीमार भी था, उसे दौरे पड़ते थे। जिसके चलते वह दरगाह पर आकर हाजिरी लगाता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पानी में पड़ा होने के कारण शव फूल चुका है। मृतक के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।





अमरोहा। तालाब में युवक का शव मिलने के बाद मौके पर जमा परिजन व जाम भीड़।

# युवक ने दो बाइकों पर चढ़ाया ट्रैक्टर, दो लाख का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मंदिर के पास खड़ी दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिसके बाद मौके पर तनाव पैदा हो गया। करनपुर माफी गांव निवासी हेमंत और भोलू ने अपनी मोटरसाइकिलें मंदिर के निकट खड़ी की थीं। बताया जाता है कि गांव का ही एक युवक अचानक अपना ट्रैक्टर लेकर आया और अनियंत्रित होकर खड़ी बाइकों पर चढ़ा दिया। इसको लेकर वहां पर नोंकझोंक होने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता करा दिया। क्षतिग्रस्त बाइकों के नुकसान की भरपाई को लेकर दोनों पक्ष सहमत हो गये।इसमें कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

# जमीन के विवाद में किसान को दौड़ाकर पीटा

## छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** खेत की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में किसान पर हमला कर दिया। पैमाइश के बाद लेखपाल द्वारा लगवाए गए पत्थर तोड़ दिए। आरोपियों ने किसान को खेत में ही दौड़ाकर पीटा। घायल किसान की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज की है। यहां रहने वाले किसान ताहिर का खेत की जमीन को लेकर गांव के रहने वाले एक ही परिवार के नईम, मुस्तफा, असलम, अकरम, नजाकत व रिफाकत आदि लोगों से विवाद चल रहा है। शिकायत पर बीते दिनों हल्का लेखपाल ने दोनों पक्षों की जमीन की पैमाइश करा दी थी। हिस्से की निशानदेही के लिए वहां पत्थर भी लगवा दिए थे। इसके बाद ताहिर ने अपने खेत की मेढ़ तैयार करा ली थी। लिहाजा, विवाद खत्म होने पर शनिवार सुबह ताहिर अपने खेत में उड़द की बुआई करने के लिए गया था। आरोप है कि आरोपियों ने फसल की बुआई करने का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। निशानदेही के लिए लगाए गए पत्थर तोड़ते हुए मेढ़ को भी तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं विरोध करने पर किसान ताहिर को खेत में दौड़ाकर पीटा, हमले में वह गंभीर घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

# भारत को मिला 193 रन का लक्ष्य

### सुंदर ने चार विकेट लिए, बुमराह-सिराज को मिले 2-2 विकेट, जो रूट ने 40 रन बनाए




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया है। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 192 रन पर आलआउट हो गई।

जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रुक ने 23 और जैक क्राली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड की टीम 63वें ओवर में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने ओवर की पहली बाल पर शोएब बशीर को बोल्ड कर दिया। 58वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने क्रिस वोक्स को बोल्ड कर दिया। वोक्स 10 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने ब्रायडन कार्स को भी बोल्ड किया। इंग्लैंड ने 56वें ओवर में 8वां विकेट गंवाया।

यहां जसप्रीत बुमराह ने ब्रायडन कार्स को बोल्ड कर दिया। कार्स एक रन ही बना सके। इंग्लैंड की टीम ने 55वें ओवर में दूसरी पारी का 7वां विकेट गंवाया। यहां बेन स्टोक्स 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वाशिंगटन सुंदर ने बोल्ड किया। सुंदर ने टी-ब्रेक से पहले जैमी स्मिथ और जो रूट को भी बोल्ड किया। दिन का दूसरा सेशन भारतीय टीम के नाम रहा।

# गिल ने इंग्लिश ओपनर्स से बहस की

**● आकाशदीप दो बार डीआरएस में बचे, पंत इंग्लैंड सर्वाधिक टेस्ट सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन ऋषभ पंत ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की थी।

वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टेस्ट प्लेयर बने। पंत लंच सेशन से ठीक पहले रन आउट भी हो गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लिश ओपनर्स से बहस करते नजर आए। पंत ने विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा ऋषभ पंत ने लाड्र्स टेस्ट में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने वेस्टइंडीज के दिग्गज विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ 34 छक्के लगाए। पंत 36 सिक्स लगा चुके हैं। पंत ने रोहित के बराबर टेस्ट छक्के लगा दिए ऋषभ पंत भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के रिकॉर्ड में भी दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी की। दोनों के नाम 88-88 सिक्स हैं। नंबर-1 पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिनके नाम 90 टेस्ट छक्के हैं। ऋषभ पंत साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उंगली की चोट के बाद शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित

**लॉड्र्स, वार्ता।** तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पाँचवीं उंगली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अपनी बाईं उंगली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह इस टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफ़र्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा।

### ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर (21,23,24) व प्रीति (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका।

# मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए ऋषभ पंत: राहुल

**● यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था, निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता**



**लॉड्र्स, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुए।

मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा कि वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता। उन्होंने कहा कि जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

# इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ आयुष का शतक

**● अभिज्ञान-राहुल की साझेदारी से भारत यू-19 का स्कोर 450/7, विहान का अर्द्धशतक**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के बेकनहैम में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत यू-19 ने इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 450 रन पर 7 विकेट खो दिए।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में वैभव सूर्यवंशी केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे ने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और विहान मल्होत्रा (67 रन, 99 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। आयुष और विहान के आउट होने के बाद, अभिज्ञान कुंडू (90 रन, 95 गेंद) और राहुल कुमार (85 रन, 81 गेंद) ने पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी की। दोनों एक ही ओवर के अंदर आउट हो गए। दिन के अंत में आर.एस. अम्ब्रीश (31 रन, नाबाद) ने पहले मोहम्मद एना के साथ 32 रन और फिर हेनिल पटेल (6 रन, नाबाद) के साथ 30 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वान ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राल्फी एल्बर्ट को 1 सफलता मिली। भारत यू-19 के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। वैभव 14 रन बनाकर आउट यूथ वनडे में शानदार परफार्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शार्ट ऑफ लेंथ बाल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया। भारत का पहला विकेट 17 रन पर गिरा। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा ने मिलकर पारी संभाल। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी कर डाली। यहां आयुष म्हात्रे को आर्ची वान ने एकांश सिंह के हाथों कैच कराके आउट किया। आयुष ने 14 चौके और 2 सिक्स की मदद से 102 रन बनाए। आयुष ने अपनी पारी में 14 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। अभिज्ञान-राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन जोड़े आयुष के आउट होने के बाद विहान भी 67 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें ग्रीन ने विकेटकीपर रेव के हाथों कैच कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मौल्यराज सिंह चावड़ा को आर्ची वान ने ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। वे 11 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर अभिज्ञान और राहुल कुमार ने भारतीय पारी को एक बार फिर संभाला और पां. चवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर डाली। अभिज्ञान को होम ने 90 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और एक सिक्स भी लगाया। राहुल कुमार ने तेजी से बल्लेबाजी की और 81 बाल पर 85 रन बनाकर आउट हुए। राहुल ने अपनी पारी में 14 चौके और एक सिक्स लगाए। लोअर आर्डर बल्लेबाजों के भी रन अभिज्ञान और राहुल के बाद आर एस अम्ब्रीश ने 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए और वे अभी भी खेल रहे हैं। पेस बालर मोहम्मद इनान ने 3 चौके और एक सिक्स लगाकर 23 रन बना दिए। हालांकि अल्बर्ट ने उन्हें स्टॅंप कर दिया। हेनिल पटेल 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभा

**गांधीनगर/नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 31वें संस्करण में आज केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। वहीं दिल्ली में द ग्रेट खली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस अखिल भारतीय साइकिललग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को आगे बढ़ते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइलक्लग क्लबों ने भाग लिया। गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन के बारे में भी है। आज 7000 से अधिक जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

# शेफाली वनडे विश्व कप की दौड़ में शामिल हैं: मजूमदार

**● सीरीज में मंधाना के बाद शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** शेफाली वर्मा इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के शुरुआती दौर में ही बाहर होने के बाद शेफाली को भारतीय टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए शेफाली की भारतीय दल में वापसी हुई और उन्होंने अंतिम मैच में 41 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलते हुए सीरीज में मंधाना के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में सीरीज का समापन किया। शेफ़ाली ने 158.55 के स्ट्राइक रेट और 35.20 की औसत से कुल 176 रन बनाए जिसमें 20, 3, 47, 31 और 75 रनों की पारी शामिल है। उनके दोनों सबसे बड़े स्कोर उस मैच में आए जिसमें भारत हार गया। द ओवल और एजबस्टन दोनों ही जगह इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। शेफाली द्वारा अपनी टीम को 19 रन पर 2 विकेट से 167 रन पर 7 विकेट तक पहुंचाने में मदद करने के बाद, मेजबान टीम को इंग्लैंड में महिला टी-20 मैचों में जीत हासिल करने के लिए सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करना पड़ा।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं: रहाणे



**● मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षो से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा कि मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है। जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रो. हत शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं।

पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी-20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35-92 की औसत से एक अर्द्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147-27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा कि मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीजें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं।

**● ग्रेट खली ने बेटियों को समर्थन देने की अपील की**

# लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत: दलीप सिंह राणा

**● हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की बात करते है तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रेसलर और बीजेपी नेता दलीप सिंह राणा, जिन्हें द ग्रेट खली के नाम से जाना जाता है। उन्होंने फिटनेस और बेटियों के सशक्तिकरण को जरूरी बताया। रविवार को खली फिट इंडिया संडे आन साइकिल' इवेंट में शामिल हुए। खली ने कहा, यहां आकर गर्व महसूस हो रहा है। मैं युवाओं को साइकिल चलाते देख रहा हूं, जो हमारे प्रधानमंत्री के फिट इंडिया सपने को साकार कर रहा है। भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है जब हमारे लोग फिट हों। सभी को दिन में कम से कम एक घंटा अपनी फिटनेस को देना चाहिए। कार्यक्रम में खली उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने 25 साल की राधिका यादव की हत्या पर बात की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद घटना है कि एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। जब हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती हैं। खली ने कहा कि भारत तब तक विश्वगुरु नहीं बन सकता जब तक बेटियों को समर्थन नहीं मिलेगा। मेरी खुद की एक बेटी है। बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। यह केवल सोच की बात है जिसे कुछ लोगों को अभी भी बदलने की जरूरत है। हमें बेटियों का साथ देना चाहिए और उन्हें खेलों के लिए प्रेरित करना चाहिए। 25 साल की टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गुरुग्राम के सेक्टर 57 में उसके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच राधिका की टेनिस अकादमी को लेकर विवाद हुआ था। राधिका के शरीर पर कई गोली के निशान मिले। 11 जुलाई को गुरुग्राम में पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस एक म्यूजिक वीडियो की भी जांच कर रही है।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर हारी टीम इंडिया

**● भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली, श्रीचरणी को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया**




**बर्मिंघम, वार्ता।** शार्लेट डीन (तीन विकेट), सोफी एकल्सटन (दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सोफिया डंकली (46) और डेनिएल वायट (56) रनों की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड जाकर कोई टी-20 सीरीज जीती है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर टीम के जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में राधा यादव ने सोफिया डंकली 30 गेंदों में (46) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट 37 गेंदों में (56) को आउटकर भारत की उम्मीदों को जगाया। इसके बाद 16वें ओवर में दीप्ति ने माया बाउचियर (16) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। अरुंधति रेड्डी ने 20 ओवर में कप्तान टैमी बोमॉन्ट 20 गेंदों में (30) और एमी जोंस (10) को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आखिरी दो गेंदों पर दो सिंगल्स लेकर स्कोर 168 कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। राधा यादव और आखिरी ओवर में उनका वह कैच बार-बार याद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय टीम यह सीरीज 3-2 से जीत ली। मैच में तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली शार्लेट डीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 10 विकेट लेने वाली श्री चारणी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति ने दो-दो विकेट लिए। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफ़ाली वर्मा (75) और ऋचा(24) की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 14 जुलाई 2025**

## दुनिया में बढ़ती अशांति

दुनिया के हालात इस समय बेहद डरावने हैं। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान के साथ इजरायल का 12 दिन का युद्ध हो चुका है, लेकिन यह कभी भी भड़क सकता है। शांति की आवाजें बेहद कमजोर दिखाई दे रही हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि चीन ताईवान पर हमला कर सकता है। उत्तर कोरिया के आसपास भी अमेरिका के नेतृत्व में जापान और द. कोरिया सैन्य जमावड़ा कर रहे हैं। इस पर रूस ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि उ. कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाया जाए। रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया को सीधी चेतावनी दी है। रूस के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव इस समय उ. कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

वहीं से उन्होंने चेतावनी दी है। जैसाकि हम जानते हैं कि उ. कोरिया रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में हर संभव सहायता दे रहा है। जहां तक कि अपने सैनिक भी। 11 हजार सैनिक लड़ने के लिए पहले ही रूस भेज चुका है और बताया जा रहा है कि 25 से 30 हजार सैनिक और भेजने की तैयारी चल रही है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी का दावा है कि उ. कोरिया और रूस की रणनीतिक मुद्दों पर एकजैसी सोच है। ऐसा भी कहा जाता है कि रूस और उ. कोरिया के बीच एक डील हो चुकी है। इस डील में कहा गया है कि उ. कोरिया या फिर रूस पर हमला किया तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। ऐसे में दोनों देश मिलकर लड़ेंगे। उधर, अमेरिका ने आस्ट्रेलिया और जापान से बात की है।

इस बातचीत में उनसे पूछा गया है कि अगर चीन पर हमला किया, तो कौन साथ देगा। एक अखबार में छपी रिपोर्ट में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने नीति उपसचिव एलब्रिज कालबी के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से बात हुई है। इस बातचीत में उन्होंने जापान और आस्ट्रेलिया से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कहा है। हालांकि आस्ट्रेलिया ने साफ किया कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताईवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे काल्पनिक हालातों पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं जापान की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। चीन-ताईवान के बीच झगड़ा दशकों पुराना है। 1949 में ताईवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। इसी के चलते दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी है और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनी तिक चिंता का विषय बन गया है। इन तमाम बातों से साफ हो जाता है कि कई देशों के बीच युद्ध जारी है और यह थमने का नाम नहीं ले रहा। इनके अतिरिक्त और अन्य देशों में भी संघर्ष छिड़ने के हालात पैदा हो रहे हैं। जाहिर है कि पूरी दुनिया के लिए स्थिति ठीक नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जिन बड़े देशों पर विश्व में शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी है वही युद्धों में उलझे हुए दिखाई दे रहे हैं।

## भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक



देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है, केंद्र सरकार को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए, ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है, देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने के लिए सरकारों को आगे आना चाहिए, इससे जनता का विश्वास डगमगाता है, सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी



**प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है।**



पवन सिंह

**फलक को छूने की ख्वाहिश हजार दिल में लिए कि सरगिरां है हमारी उड़ान भी हम भी...**

नबील अहमद नबील साहेब का यह शेर है जो दूरदर्शन की नई अंगड़ाईयों पर मौजू है। दूरदर्शन अब अपनी परंपरागत छवि को बरकरार रखते हुए एक नई लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है। दूरदर्शन जिस तरह के विविधतापूर्ण कंटेंट्स को लेकर वेव्स के जरिए इंटरटेनमेंट के विशालकाय समर में उतरा है। उसने तमाम ओटीटी प्लेटफार्मों में खलबली मचा दी है।

वेव्स ओटीटी ने बेहतरीन कंटेंट्स के साथ मनोरंजन के क्षेत्र में एक ऐसी प्रतिस्पर्धा का बिगुल फूंक दिया है कि आने वाले एक साल के भीतर अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों को भी यह सोचना पड़ेगा कि केवल गालियां, हिंसा, बलात्कार, सेक्स ही ओटीटी का मूल विषय नहीं हो सकता, बल्कि तमाम ऐसे सब्जेक्ट हैं जिन्हें न तो छिपकर देखने की जरूरत है और न कान में लीड लगाकर।

बदलाव की इस आहट से दिल्ली में मंडी हाउस के आसपास फैला सन्नाटा अब टूटने लगा है। एक बार फिर से मंडी हाउस के बाहर निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों की आवा-जाही शुरू हो गई है। मंडी हाउस एक बार फिर से 1984 और 1996 के उस वक्त की याद दिलाने लगा है जब यहां पैर रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। धारावाहिक हम लोग जो कि 7 जुलाई, 1984 को और बुनियाद जो कि 1986 में प्रसारित हुए थे, ने मंडी हाउस को स्टोरी राइटरों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिहाज से किसी धार्मिक स्थल के रूप में बदल दिया था।

प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है। दरकते और दहकते हुए सामाजिक ढांचे को फिर से मजबूत करने की दशा व दिशा के साथ वेव्स ओटीटी की एक नई परिभाषा गढ़ना चाहता है। वेव्स भी मोहब्बत की कहानियां ओटीटी पर उतारना चाहता है, लेकिन नजाकत और नफासत के साथ। वेव्स ओटीटी की पहचान बन चुके गालियों और सेक्स व अश्लीलता से बजबजाए हुए आइटम सॉन्ग से इतर नए कंटेंट लेकर आ रहा है। कुछ अतीत कुछ वर्तमान और कुछ भविष्य के कथानकों को समेटकर वेब्स ओटीटी, यह मानक गढ़ना चाहता है कि चोली के पीछे क्या है से इतर कुछ ऐसा गढ़ा-बुना-रचा जाए जो बेटा अपने पिता के साथ और दादा, पोते के साथ देख सके।

इसके अलावा वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म की सबसे बड़ी ताकत है मुफ्त में मनोरंजन प्रदान करना, जिसमें फिल्में, वेब सीरीज, टीवी शो और लाइव टीवी चैनल सब कुछ शामिल है। भारत में करीब 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं। भारत में डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, ऑल्ट बालाजी, जियो सिनेमा, जी-5, सोनी लिव जैसे कई पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और इन सभी प्लेटफॉर्म्स के अलग-अलग प्लान्स हैं, जबकि वेव्स ओटीटी का कोई प्लान नहीं है, वह मुफ्त है। ये सारे प्लेटफार्म जहां बोल्ड कंटेंट्स के साथ-साथ, अपराध और भ्रष्टाचार पर जबर्दस्त हमलावर हैं और युवाओं के बीच इसीलिए जगह बना चुके हैं ऐसे में वेव्स ओटीटी इस लड़ाई को कैसे लड़ेगा, यह देखने की बात होगी।

मुंबई के एक प्रसिद्ध धारावाहिक निर्माता-निर्देशक का कहना है वेव्स के पास खुला आसमान है। वो आसानी से महिलाओं, अधेड़ उम्र व बुजुर्ग दर्शकों को अपने कंटेंट के साथ जोड़ सकता है। उसे मेहनत करनी है युवाओं को जोड़ने की। इसके लिए बेहतर होगा कि व्यवस्था पर हास्य-व्यंग्य के जरिए हमलावर हों। जैसे फिर से आफिस-आफिस जैसा धारावाहिक नए रूप में लिया गया है। दूरदर्शन ने अपने दौर में तमाम ऐसे कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को मौका दिया जो आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्रीज में छा गए। कुछ नाम मुझे याद आते हैं म्यूजिक-मस्ती और धूम के जरिए नोमान मलिक ने अन्नू कपूर को मौका दिया। सागर सरहदी ने 1977 में यह इश्क नहीं आसां बनाया और फिर फिल्में कभी कभी, सिल. सिला, चांदनी, बाजार, दीवाना, कहो ना प्यार है, जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी और बाजार फिल्म का निर्देशन भी किया। फौजी धारावाहिक से शाहरुख खान और कच्ची धूप से भाग्य- का भाग्योदय हुआ। रामानंद सागर, अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लाहिरी, बाल कलाकार मयूरेश क्षत्रपति, सुधीर दलवी, और विजयकान्त की पहचान दूरदर्शन से बनी। इसके अलावा मोहन गोखले मिस्टर योगी और भारत एक खोज जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। जसपाल भट्टी फ्लॉप शो जैसे धारावाहिकों के माध्यम से हास्य कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। पंकज कपूर कर्मचक्र और ऑफिस ऑफिस जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। शबाना आजमी कथा सागर और अधूरा आदमी जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। कहानीकारों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिए वेव्स अब एक नई उम्मीद लेकर आया है। सूत्रों के अनुसार वेव्स अब मेगा धारावाहिक लेकर आ रहा है जिसमें फिल्मी दुनियां के बड़े चेहरे शामिल हो रहे हैं, जो एक उम्मीद जगाते हैं कि वेव्स ओटीटी, ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपनी एक बड़ी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। फहीम जोगापुरी साहेब का एक शेर है-

'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से  
वो और थे जो हार गए आसमान से'

# प्रकृति संरक्षण के लिए चाहिए पुरुषार्थ

जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर तथा 2025 में 37 करोड़ पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। इस नीति का अनुपालन करते हुए रामपुर जनपद के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने में संलग्न है। जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु मिलक क्षेत्र में गंगापुर कदीम से निस्बी तक प्रवाहित होने वाली 51 किमी की नाहल नदी,स्वार क्षेत्र की ऊधम. सिंहनगर से स्वार होते हुए बिलासपुर के घूंघा नदी में मिलने वाली नईया नदी, शाहबाद क्षेत्र में मुरादाबाद -संभल होकर शाहबाद में प्रवाहित होकर बदायूं तक जाने वाली अरिल नदी के साथ चमरौआ क्षेत्र की नील और रेवती नदियों को पुनर्जीवित करने में आपका प्रयास सराहनीय है। मिलक के पजावा में 1400 मीटर लंबी 85,000 वर्ग मीटर में फैली झील को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया गया है जो जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

प्रकृति हमें देती है जीवन, अपनापन हम भी अपनाएं। विलुप्त हो रहे जलस्त्रोतों को, फिर जीवित कर पुण्य कमाएं। एक वृक्ष प्रति वर्ष लगाकर, पर्यावरण को स्वस्थ बनाएं। संरक्षित हो प्रकृति हमारी, मन में ऐसे भाव जगाएं। सभी कष्ट से मिलेगी मुक्ति, प्रकृति- प्रेम को हम अपनाएं। मेरी स्वरचित यह पंक्तियां प्रकृति संरक्षण का अक्षरश: सार्थक संदेश देती है क्योंकि प्रकृति के प्रति आत्मीयता का भाव हमारी संस्कृति है।

आत्मीय भाव के कारण ही हमने पृथ्वी को मां कहकर पुकारा-माता भूमि, पुत्रोहम् पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी मां है और मैं उसका पुत्र हूं। नदियों को मां, पहाड़ों को देवता और पेड़-पौधों को पूज्य मानकर उनकी पूजा की क्योंकि हम योग संस्कृति के उपासक हैं। योग संस्कृति आत्मवत् सर्वभूतेषु की भावना में विश्वास करती है जिससे सर्वे भवन्तु सुखिन: का उद्घोष प्रस्फुटित होता है। योग संस्कृति में आत्मीयता का भाव है और यह सभी के संरक्षण में विश्वास करती है और संतुलन और समन्वय पर बल देने के साथ ही परमार्थवादी है, इसलिए हम प्रकृति से उतना ही लेते हैं जितनी हमारी आवश्यकता होती है किन्तु आज हम पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति का अनुगमन कर रहे हैं जिसमें स्वार्थपरता और अर्थ का विशेष महत्व है। यह सुविधाभोगी संस्कृति है जो शोषण, दोहन व अत्याचार पर आधारित हैं। फलत: हमने स्वार्थपरता की भावना और धन की अत्यधिक लालसा के कारण पेड़-पौधों के अंधाधुंध कटान के साथ भूमि, नदियों और पहाड़ों की मिट्टी, रेत, बजरी, खनिज और पत्थरों की प्राप्ति हेतु अतिशय उत्खनन कर रहे हैं जिसके कारण प्रकृति कुपित होकर अनेक प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है और मानव-समाज त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है किन्तु यह सोचने का कष्ट नहीं कर रहा है कि प्राकृतिक आपदाएं हमारे दुष्कर्मों का परिणाम है। प्रकृति भी मानव की तरह संवेदनशील है और आप जैसा उसके साथ व्यवहार करेंगे, वैसा ही प्रत्युत्तर आपको प्राप्त होगा। प्रकृति के पंच महाभूत-धरती,जल, वायु, अग्नि,आकाश से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा संवेदनशील, संतुलित व समन्वयकारी व्यवहार ही प्रकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा कर सकता है, किन्तु प्रकृति के प्रति हमारा असंवेदनशील और असंतुलित व्यवहार प्राकृतिक आपदाओं और गम्भीर बीमारियों के आमंत्रण का कारण है। हमारी स्थिति उस व्यक्ति की है जो जिस डाल पर बैठा हैं, उसे ही काटकर मृत्युजन्य परिस्थितियों को आमंत्रण दे रहा हैं। प्रकृति संरक्षण हेतु शासन, प्रशासन और जनता तीनों को मिलकर काम करना होगा। केवल शासन-प्रशासन के भरोसे हाथ पर हाथ रखकर बैठने से काम नहीं चलेगा, क्योंकि शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रशासन अमलीजामा पहनाने हेतु कृत संकल्पित है किन्तु उसमें जनता जनार्दन की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है क्योंकि यह सब उसी के लिए ही किया जा रहा है। आज जब मैं प्राकृतिक दृष्टि से जनपद रामपुर के अपने कस्बे मिलक को देखता हूं तो महसूस करता हूं कि आज से 40 वर्ष पहले हमारे आसपास 5-6 बड़े तालाब, कई कुएं और कल-कल बहती नाहल नदी थी और जब हम 1970-72 में इण्टर कालेज में पढ़ने मीरगंज जाते थे तो वृक्ष- आच्छादित नेशनल हाईवे था जो हरियाली, छाया देने के साथ अनेक पशु-पक्षियों का आश्रय स्थल था किन्तु विकास की अंधी दौड़ में तालाब, नदियां, कुएं मानव कुचेष्टाओं के कारण अतिक्रमण के शिकार हो गए और विकास हेतु वृक्षों का तेजी से कटान हो गया। उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्र के भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है और भविष्य में स्वच्छ जल की किल्लत पैदा हो सकती है। आज हम बोतल का पानी पीने को विवश हैं और वह दिन दूर नहीं है कि हमारी आने वाली संतति इंजेक्शन या कैप्सूल के माध्यम से पीने के पानी की पूर्ति करें या अंतरिक्ष यात्रियों की भांति अपनी पेशाब और अपने पसीने को पुन: चक्रण कर जल पीने को मजबूर हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति को हानि पहुंचाने वाले प्रभावों अर्थात प्रदूषण को कम करना आवश्यकता है।इस हेतु हमें अपने पारितंत्र के जैविक घटक-पौधे, पशु-पक्षी और सूक्ष्म जीव के साथ अजैविक घटक-मिट्टी, पानी और जलवायु के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। वन, तालाब, झील, समुद्र आदि पारितंत्र के अनुपम उदाहरण हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी साम्राज्य के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं खामेनेई





तनवीर जाफरी

पिछले दिनों खासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर लगाए गए। भारत में इस तरह के पोस्टर प्राय: नगर से लेकर लखनऊ, उन्नाव, बिजनौर, भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाए गए। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया।

भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह खामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहां तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर हाथों में लिए देखे गए। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने जरूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई पिछले दिनों ईरान, इजरायल के मध्य हुए 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। इस युद्ध में इजरायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में करीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमरष के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी कतर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दागी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है।

बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमे. रिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किए बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह खामेनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाए गए थे। वह भी आयतुल्लाह खामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजई होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नजर में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमकद प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं। गांधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की गरज से प्रयोग किए जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहां क्यों? भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र का विरोध करना जरूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र से नफरत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह गजा में लगभग अस्सी हजार बेगुनाहों के हत्यारे इजराईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने 21 नवम्बर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने, क्षेत्र में भुखमरी फैलाने , हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच गजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिए गए हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इजाफा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अत: 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी, निडर व अमे. रिका के बजाय केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फकीर का विरोध करना चिंता. जनक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन से निपटने के लिए ट्रम्प ने मांगी चौतरफा राय, सारे खामोश

## अमेरिका के सवाल पर जापान खामोश, ऑस्ट्रेलिया ने कहाः काल्पनिक सवालों का जवाब नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन के साथ संभावित युद्ध की स्थिति में सहयोगी देशों का रुख जानने के लिए आस्ट्रेलिया और जापान से बातचीत की है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) में नीति उप-सचिव एल्ब्रिज काल्बी ने हाल ही में आस्ट्रेलियाई और जापानी रक्षा अधिकारियों से इस मुद्दे पर कई अहम बैठकें की हैं।



- ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है
- 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है
- आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है

अमेरिकी अधिकारी काल्बी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से कह रहा है कि वे अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएं और साझा सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी लें, लेकिन आस्ट्रेलिया ने साफ कहा है कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताइवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे 'काल्पनिक हालातों' पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं, जापान की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है। इसी बिंदु पर दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी हुई है, और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनीतिक चिंता का विषय बन गया है। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने आस्ट्रेलियाई ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आस्ट्रेलियाई सैनिकों को किसी संघर्ष में भेजने का फैसला उस समय की सरकार करेगी। हम अभी से कोई फैसला नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया अपनी संप्रभुता को सबसे ज्यादा महत्व देता है और काल्पनिक परिस्थितियों पर चर्चा नहीं करता। वही, कानरोय ने चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चीन प्रशांत द्वीप में मिलिट्री बेस बनाने की कोशिश कर रहा है, जो आस्ट्रेलिया के लिए ठीक नहीं है। आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शनिवार को चीन की 6 दिन की आधिकारिक यात्रा पर गए। जहां क्षेत्रीय सुरक्षा और ट्रेड को बढ़ाने के प्रयासों पर बातचीत होने की उम्मीद है। अल्बानीज ने शंघाई में कहा कि आस्ट्रेलिया ताइवान पर कोई बात नहीं करेगा। उनकी यात्रा सिर्फ सुरक्षा और व्यापार पर ही केंद्रित होगी। चीन लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और जबरदस्ती नियंत्रण में लाने की धमकी देता रहा है। चीन कई बार ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार को अलगाववादी करार दे चुका है। हांलाकि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने ताइवान की शांति और संप्रभुता को खतरे में डालने के लिए चीन की आलोचना की है। हालांकि अमेरिका ताइवान को लेकर रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपनाता है, जिसका मतलब है कि वह ताइवान की रक्षा की गारंटी नहीं देता। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने फिर से अस्पष्ट बयानों का रुख अपनाया है।




मुंबई। आरे वन क्षेत्र में मेट्रो कार शेड परियोजना के निर्माण के खिलाफ 150वें 'आरे वन बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने पर बातचीतः नोएम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं। सुनोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 39 वर्ग मील (100 वर्ग किमी) में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था। यह केंद्र अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के लिए वर्तमान अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने समर्थकों से एपस्टीन जांच को लेकर अटॉर्नी जनरल पर हमला बंद करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि वे आरोपी यौन तस्कर जेफरी एपस्टीन से संबंधित न्याय विभाग के हालिया निष्कर्षों को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी पर हमला करना बंद करें। ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि मेरे 'लड़कों और कुछ मामलों में 'लड़कियों' के साथ क्या हो रहा है? वे सभी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के पीछे पड़े हैं जो शानदार काम कर रही हैं! हम एक ही टीम हैं, और जो हो रहा है वह मुझे पसंद नहीं है। उन्होंने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि वे जेफरी एपस्टीन पर समय और ऊर्जा बर्बाद न करें क्योंकि किसी को भी इसकी परवाह नहीं है।

### उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की है,जो प्योंगयांग में दूसरी रणनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। यह जानकारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, कोरिया के शीर्ष नेता और लावरोव के बीच शनिवार को वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने जून 2024 की ऐतिहासिक शिखर वार्ता में किए गए समझौतों को ईमानदारी पूर्वक लागू करने के लिए देशों के नेतृत्व के विचारों का व्यापक रूप से आदान-प्रदान किया।

### मेक्सिको ने नए अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने अमेरिका द्वारा घोषित नए टैरिफ को अनुचित करार दिया और दोनों पक्षों ने एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह के माध्यम से औपचारिक वार्ता शुरू की है। यह जानकारी मेक्सिको सरकार ने हवाले से शिन्हुआ ने रविवार को दी। विदेश मंत्रालय और अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी अधिकारियों के बीच शुक्रवार को वाशिंगटन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

# 27 दिन बाद हुआ खुलासाः हमले में घायल हुए थे ईरानी राष्ट्रपति

## सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग के दौरान इजरायली सेना ने 16 जून को छह मिसाइलें दागी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजरायल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था।

उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम- हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे। ईरान के राष्ट्रपति ने 7 जुलाई को अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजरायल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजरायली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए एक इमरजेंसी गेट की मदद से राष्ट्रपति और बाकी बड़े अधिकारी बाहर निकलने में सफल रहे। भागने के दौरान राष्ट्रपति पजशकियान के पांव में चोट लग गई थी। वहीं, दूसरे अधिकारियों को भी हल्की चोटें आईं। कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा।



- मसूद हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे

# इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सुत्रों के हवाले से रविवार को दी। ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में, जीवित बचे लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने मानव बूचड़खाने और मौत के जाल के रूप में निंदा की है।

गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5000 अन्य घायल हुए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इज़राइली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में दो आवासीय भवनों पर भी हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में शाती शरणार्थी शिविर पर इज़राइली हमलों में सात और लोग मारे गए। इज़रायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हनून पर भी हमला किया और शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए। ये नए हमले तब हुए जब इज़राइली सेना ने घोषणा किया कि उसके बलों ने पिछले 48 घंटों में गाजा पर 250 बार हमला किया है। मानवाधिकार समूहों की चेतावनियों के बावजूद, इज़रायली सेना ने गाजा में खाद्य और अन्य मानवीय आपूर्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है।



- ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई

# नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं

**प्योंगयांग।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी है कि वे नार्थ कोरिया को निशाना बनाकर कोई सिक्योरिटी अलायंस या सैन्य गठबंधन न बनाएं। लावरोव नार्थ कोरिया के शहर वानसान में थे। इस दौरान वे नार्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिले।

- रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को दी चेतावनी

इसके अलावा उन्होंने नार्थ कोरिया की विदेश मंत्री चोई सोन भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लावरोव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान नार्थ कोरिया के चारों तरफ सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा हम चेतावनी देते हैं कि इन रिश्तों का इस्तेमाल किसी के खिलाफ गठबंधन बनाने में न किया जाए, चाहे वो नार्थ कोरिया हो या रूस। लावरोव ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में मिलकर काम करने की बात कही। पिछले कुछ वर्षों में रूस और नार्थ कोरिया के रिश्ते काफी गहरे हुए हैं। लावरोव तीन दिन की यात्रा पर शुक्रवार को नार्थ कोरिया पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने अपने नार्थ कोरियाई समकक्ष चोई सोन हुई से मुलाकात की। लावरोव ने कहा कि रूस समझता है कि नार्थ कोरिया क्यों परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा नार्थ कोरिया की तकनीक उसके वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है। हम उनकी महत्वाकांक्षाओं का सम्मान करते हैं। रूसी एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक लावरोव ने यूक्रेन जंग की स्थिति को लेकर भी कोरियाई नेताओं से बात की।

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को हमेशा तैयारः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करने के लिए हमेशा से तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा। अराघची ने विदेशी राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में शनिवार को कहा कि हालांकि, स्वाभाविक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर वार्ता पुनः शुरू होती है तो इससे अमेरिका या अन्य पक्षों द्वारा युद्ध छेड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। ईरानी छात्र समाचार एजेंसी ने अराघची के हवाले से कहा कि हाल ही में इजरायल-ईरान के बीच हुए टकराव ने यह साबित कर दिया है कि कूटनीति और बातचीत तथा सहमति से समाधान निकालने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमला करने में इजरायल की सहायता करके तथा उसके बाद ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को सीधे निशाना बनाकर अमेरिका ने कूटनीति और वार्ता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका वार्ता को पुनः शुरू करना चाहता है तो उसे यह गारंटी देनी होगी कि वही स्थिति फिर से सामने नहीं आएगी।

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-ः प्रवेश हेतु सम्पर्क करे ः-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

## पीटीआई पार्टी नेताओं ने लाहौर में बैठक की

**लाहौर।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी के शीर्ष नेता लाहौर पहुंचे, जहां से यह आंदोलन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने इसे आंदोलन की आधिकारिक शुरुआत बताया और कहा कि 5 अगस्त तक यह प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा। पीटीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान, केपी के सीएम गांदापुर, और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भचर लाहौर पहुंचे। इससे पहले इस्लामाबाद में पार्टी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पंजाब विधानसभा से निलंबित 26 विधायकों की स्थिति और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। सीएम गांदापुर ने कहा कि देश पर लंबे समय से सेना का राज रहा है और अब वह गैर-आधिकारिक मार्शल ला चला रही है।

उन्होंने कहा कि इमरान खान को बिना किसी वैध वजह के जेल में रखा गया है। गांदापुर ने सभी प्रांतों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रदर्शन तेज करने की मांग की। गांदापुर ने कहा कि हर सफल आंदोलन लाहौर से ही शुरू होता है, यह भी देशव्यापी स्तर पर सफल होगा। प्रदर्शन से पहले ही पंजाब पुलिस ने शाहदरा मोड़ और अन्य इलाकों में पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापे मारे और 5 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।



- पांच अगस्त तक प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा

## ब्रिटेन में पले बढ़े इमरान के बेटों की वतन वापसी की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बेटे सुलेमान व कासिम की पाकिस्तान वापसी और राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन में रहने वाले दोनों बेटे अब तक राजनीति से दूर थे, लेकिन इमरान की लगातार बिगड़ती स्थिति और पीटीआई में नेतृत्व संकट ने खान परिवार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। सुलेमान (29) व कासिम (26) इमरान खान और जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटे हैं तथा जन्म से ही ब्रिटिश नागरिक हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
निःशुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्लीः अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011 45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट